वर्ष 24, अंक 106, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 26 अक्टूबर 2025 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

चक्रवात मोन्था के चलते आंध्र प्रदेश में अलर्ट जारी

## महागठबंधन की दो खासियतें हैं भ्रष्टाचार और परिवारवाद : शाह



**पटना।** बिहार में अगले महीने विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में राजनीतिक माहौल काफी गरमाया हआ है। चुनावी रैलियों और जनसभाओं का दौर जारी है। इसी कड़ी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने खगड़िया में शनिवार को एक चुनावी सभा को संबोधित किया और महागठबंधन के घटक दलों के साथ ही राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू यादव को आड़े हाथों लिया।

खगड़िया जिले के अलौली विधानसभा क्षेत्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि महागठबंधन की दो खासियतें हैं भ्रष्टाचार और परिवारवाद। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने बिहार को नक्सलवाद से मुक्त कर दिया है।

जनसभा में बैठे लोगों से अमित शाह ने पूछा कि फिर से जंगलराज बिहार में लाना है या विकास लाना है? लोगों की प्रतिक्रिया के बाद अमित शाह ने कहा कि केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नीतीश कुमार ही बिहार का विकास कर सकते हैं। महागठबंधन या लाठबंधन, जिनका भ्रष्टाचार का इतिहास रहा है, क्या वे बिहार का विकास कर सकते हैं? केवल नरेन्द्र मोदी और नीतीश बाबू, जिन पर एक पैसे का भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है, बिहार का विकास कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और नीतीश कुमार बिहार का समग्र विकास चाहते हैं, लेकिन लालू यादव अपने परिवार की समृद्धि के लिए काम करते हैं। लालू यादव के शासन में हत्या, डकैती, फिरौती, अपहरण और नरसंहार जैसी घटनाएं रोज की बातें थीं। उनके समय में बिहार से उद्योग चले गए और राज्य पिछड़ा बन गया। नीतीश कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने जंगलराज को खत्म किया, परिवारवाद को खत्म किया और सबसे महत्वपूर्ण, बिहार को नक्सलवाद से मुक्त किया।

अमित शाह ने कहा कि यह चुनाव किसी को विधायक, मंत्री या मुख्यमंत्री बनाने के लिए नहीं है। ये चुनाव तय करेगा कि बिहार में फिर से जंगलराज होगा या विकास का राज। लालू-राबड़ी की सरकार में सिर्फ जंगलराज होगा, जबकि राजग की सरकार में बिहार का विकास होगा और पूरे भारत में उसकी पहचान बनेगी।

अमित शाह ने कहा कि लालू यादव चाहते हैं कि उनके बेटे तेजस्वी यादव अगले मुख्यमंत्री बनें, जबकि सोनिया गांधी चाहती हैं कि राहुल गांधी अगले प्रधानमंत्री बनें। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सराहना करते हुए, खगड़िया में अमित शाह ने कहा कि जदयू नेता नीतीश कुमार ने बिहार में विकास की बयार बहायी।

इससे पहले अपने सम्बोधन में अमित शाह ने छठ पूजा की शुभकामनाएं देते हुए कहा, "मैं बिहार के सभी लोगों को छठ पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। मैं छठी मैया से प्रार्थना करता हूं कि हमारा बिहार जंगलराज से मुक्त रहे, कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रहे, हमारी बहन-बेटियां सुरक्षित रहें और बिहार भविष्य में एक विकसित राज्य बने। यही मैं छठी मैया से प्रार्थना करता हूं।"

### बिहार के विकास के लिए डबल इंजन की सरकार बनानी होगी, क्योंकि महागठबंधन के पास न नेता हैं, न नीयत: अमित शाह

**पटना।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बिहार में खगड़िया के बाद मुंगेर के तारापुर विधानसभा क्षेत्र के नौवागढ़ी में जनसभा को सम्बोधित किया और राज्य की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने पूर्व की गैर भाजपा सरकारों पर निशाना भी साधा।

जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि किसानों के लिए केंद्र सरकार ने काफी काम किया। इसका लाभ बिहार के किसानों को भी मिला। इससे फसलों के उत्पादन में बिहार का पूरे देश में स्थान बना। इसे आगे भी कायम रखना है, तो फिर से राजग का डबल इंजन सरकार बनाना पड़ेगा, क्योंकि महागठबंथन के पास न नेता है और न ही नीयत।

### चक्रवात मोन्था के चलते आंध्र प्रदेश में अलर्ट जारी

**अमरावती।** चक्रवात मोन्था धीरे-धीरे दक्षिण-पूवी बंगाल की खाड़ी में आगे बढ़ रहा है और धीरे-धीरे एक दबाव क्षेत्र में मजबूत होता जा रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) का कहना है कि यह कल तक एक गंभीर चक्रवाती तूफ़ान में बदल जाएगा। ऐसे में तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और ओडिशा राज्यों को अलर्ट कर दिया गया है। आईएमडी के अनुसार इसके प्रभाव से 90-110 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति से हवाएं चलेंगी। यह तूफान 28 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश के तट को पार करेगा। यह वर्तमान में पोर्ट ब्लेयर से 420 किलोमीटर पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम, विशाखापत्तनम से 990 किलोमीटर पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम, चेन्नई से 990 किलोमीटर पूर्व-दक्षिण-पूर्व, काकीनाडा से 1000 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व और गोपालपुर से 1040 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण-पूर्व में है।

## बॉलीवुड और टीवी दुनिया के हास्य अभिनेता सतीश शाह का निधन



**मुंबई।** बॉलीवुड और टीवी की दुनिया में अपनी बेहतरीन टाइमिंग और अद्भुत हास्य से दर्शकों के दिलों में जगह बनाने वाले मशहूर अभिनेता सतीश शाह का 25 अक्टूबर को दोपहर करीब ढ़ाई बजे निधन हो गया। बताया जा रहा है कि वह लंबे समय से किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। उनके चले जाने की खबर ने सभी को गहरे सदमे में डाल दिया है।

सतीश शाह का ज़िक्र होते ही दर्शकों की आंखों के सामने सबसे पहले उभर आता है 'साराभाई वर्सेस साराभाई' का वह चतुर, हाजिरजवाब और बेहद मजाकिया किरदार इंद्रवदन साराभाई।

उनकी कॉमिक टाइमिंग ऐसी थी कि संवाद साधारण हों या चुटीले, दर्शक हंसी रोक ही नहीं पाते थे। उन्होंने टीवी और फिल्मों दोनों में अभिनय की वह पहचान बनाई, जो समय के साथ और भी अमर होती चली गई। उनके निधन की खबर जैसे ही सामने आई, मनोरंजन जगत से लेकर उनके चाहने वालों तक हर कोई भावुक हो उठा। सोशल मीडिया पर शोक संदेशों की बाढ़ सी आ गई।

**जॉनी लीवर हुए भावुक**

रिपोर्ट के मुताबिक सतीश शाह का पार्थिव शरीर अस्पताल में ही रखा गया है और अंतिम संस्कार 25 अक्टूबर को ही किया जाएगा। कॉमेडी के बादशाह जॉनी लीवर ने भावुक पोस्ट शेयर कर लिखा, "बहुत दुख के साथ यह बताना पड़ रहा है कि हमने एक महान कलाकार और 40 साल पुराने प्यारे दोस्त को खो दिया है। यकीन कर पाना मुश्किल है, मैंने उनसे बस दो दिन पहले ही बात की थी। सतीश भाई, आप बहुत याद आएंगे। आपके योगदान को सिनेमा और टीवी जगत कभी नहीं भूल पाएंगे।"

## राष्ट्रपति मुर्मु 2 से 4 नवंबर तक उत्तराखंड दौरे पर, पतंजलि व कुमाऊं विवि के दीक्षांत समारोह में होंगी शामिल



**देहरादून।** राष्ट्रपति कार्यालय ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के आगामी उत्तराखंड दौरे का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। कार्यक्रम के अनुसार, राष्ट्रपति 2 नवंबर को देहरादून पहुंचेंगी। आगमन के बाद वह हरिद्वार स्थित पतंजलि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी। शाम को राष्ट्रपति देहरादून के राजपुर रोड स्थित राष्ट्रपति निकेतन में रात्रि विश्राम करेंगी। अगले दिन 3 नवंबर को राष्ट्रपति उत्तराखंड विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित करेंगी। इसी शाम वह नैनीताल के लिए रवाना होंगी और राजभवन नैनीताल में रात्रि प्रवास करेंगी। 4 नवंबर को राष्ट्रपति कैंची धाम के दर्शन करेंगी और इसके बाद कुमाऊँ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। समारोह में विद्यार्थियों को सम्मानित भी करेंगी। दौरे के समापन पर राष्ट्रपति 4 नवंबर की दोपहर को नई दिल्ली लौट जाएंगी।

राष्ट्रपति मुर्मु का यह तीन दिवसीय दौरा उत्तराखंड के कुमाऊँ और गढ़वाल दोनों अंचलों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### देशभर में खोले जाएंगे 10 नए भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान

**नई दिल्ली।** रचनात्मक उद्योग को मजबूती देने के उद्देश्य से सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने देशभर में 10 नए भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईसीटी) स्थापित करने की घोषणा की है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को यहां पत्रकार वार्ता में बताया कि मुंबई में 400 करोड़ की लागत से देश के पहले आईआईसीटी के भवन का निर्माण शुरू हो गया है। इसी साल अगस्त में 300 छात्रों के पहले बैच की शुरुआत हो गई है। मौजूदा समय में संस्थान का परिचालन मुंबई के पेडर रोड स्थित एनएफडीसी परिसर से शुरू हुआ है।

## बिहार के एकमात्र जननायक भारत रत्न स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर हैं, कोई और नहीं: धर्मेंद्र प्रधान



**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव के भारतीय जनता पाटी (भाजपा) के प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव के नायक वाले पोस्टर पर कटाक्ष किया है।

धर्मेन्द्र प्रधान ने शनिवार को कहा कि बिहार के एक ही जननायक हैं और वो भारत रत्न स्व. कर्पूरी ठाकुर जी हैं, उनके अलावा दूसरा कोई जननायक नहीं है। उन्होंने कहा कि कोई उनकी नकल करने की कोशिश न करें, क्योंकि राज्य की जनता उसे स्वीकार नहीं करेगी।

धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि नायक कहने से नहीं होता है। काम करने से होता है। अभी तो राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेतृत्व में नायकत्व चल रहा है। हमारे आदर्श देश के जननायक कर्पूरी ठाकुर हैं।

दरअसल, बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव प्रचार के बीच पटना में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) कार्यालय के बाहर तेजस्वी यादव के पोस्टर लगाए गए हैं, जिन पर तेजस्वी को बिहार का नायक बताया गया है।

## संघ प्रमुख मोहन भागवत पहुंचे मप्र के जबलपुर



**जबलपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत शनिवार को मध्य प्रदेश के जबलपुर पहुंच गए हैं। संघ प्रमुख यहांजबलपुर में 28 अक्टूबर से 01 नवंबर 2025 तक आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय वार्षिक बैठक में शामिल होंगे। संघ पदाधिकारियों और स्थानीय कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

सरसंघचालक यहां तीन नवंबर तक यानी आठ दिन रहेंगे। इसमें देश भर से संघ के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। संघ के क्षेत्रीय पदाधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि अखिल भारतीय वार्षिक बैठक शहर के विजय नगर क्षेत्र स्थित कचनार क्लब एंड रिसोर्ट में आयोजित हो रही है। राष्ट्रीय बैठक में शीर्ष पदाधिकारी और प्रचारक शामिल होंगे। बैठक में पंच परिवर्तन की योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। पूरे देश से 500 पदाधिकारी जबलपुर में रहकर चर्चा करेंगे। बैठक के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सभी अनुषांगिक संगठनों के पदाधिकारियों का जबलपुर आने का सिलसिला शुरू हो गया है।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस साल 101वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने बीते दिनों शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम के दौरान पंच परिवर्तन की अवधारणा दी थी। पंच परिवर्तन को कैसे लागू किया जाए, बैठक में इस विषय पर चर्चा होगी। इस बैठक में सरसंघचालक के अलावा सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, सभी छह सह सरकार्यवाह, सभी अखिल भारतीय अधिकारी, सभी क्षेत्र संघचालक, कार्यवाह व प्रचारक एवं सभी प्रांत संघचालक, कार्यवाहक, प्रचारक एवं उनके सहयोगी भाग लेंगे। इसके साथ ही सम-विचारी संगठनों के अखिल भारतीय अधिकारी भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में भारतीय जनता पाटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा भी एक दिन के लिए शामिल हो सकते हैं।

यह पहला मौका है जब सरसंघचालक डॉ. भागवत जबलपुर में लगातार आठ दिन तक रुकेंगे। इस दौरान संघ के पदाधिकारी स्थानीय कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात करेंगे। सामान्य तौर पर संघ की बैठक गोपनीय हुआ करती थी लेकिन अब ऐसा नहीं है और 03 दिन तक चलने वाले इन कार्यक्रमों की बाकायदा मीडिया ब्रीफिंग की जाएगी।

## राहुल गांधी ने त्योहारों पर ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ को बताया सरकार की नाकामी




**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दीपावली और छठ पूजा के दौरान उत्तर प्रदेश और बिहार जाने वाली ट्रेनों में भारी भीड़ और यात्रियों की परेशानी को सरकार की नाकामी बताया है। उन्होंने कहा कि हर साल त्योहारों के समय बिहार लौटने वाले लोगों को असुविधा और अपमानजनक हालात का सामना करना पड़ता है।राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट में कहा कि बिहार जाने वाली कई ट्रेनों में क्षमता से दोगुने यात्री सफर कर रहे हैं और लोगों को दरवाजों और छतों तक लटककर यात्रा करनी पड़ रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार के 12,000 स्पेशल ट्रेनों के दावे कहां हैं और क्यों हर साल स्थिति और खराब होती जा रही है। बिहार और पूवी भारत के लोग अगर अपने राज्य में रोजगार और सम्मानजनक जीवन पा रहे होते, तो उन्हें हजारों किलोमीटर दूर भटकना नहीं पड़ता। राहुल गांधी ने इसे सरकार की विफलता बताते हुए कहा कि सुरक्षित और सम्मानजनक यात्रा नागरिकों का अधिकार है, कोई एहसान नहीं।

## पिछले 11 साल में देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 387 से बढ़कर 819 हो गई: नड्डा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. जे. पी. नड्डा ने शनिवार को कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 387 से बढ़कर 819 हो गई है। इसी अवधि में स्नातक सीटें 51,000 से बढ़कर 1,29,000 और स्नातकोत्तर सीटें 31,000 से बढ़कर 78,000 तक पहुंच गई हैं। अगले पांच वर्षों में 75,000 अतिरिक्त सीटें जोड़े जाने का लक्ष्य रखा गया है।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के 50वें वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में भी भारत ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मातृ मृत्यु दर 130 से घटकर 88 पर आ गई है, जबकि शिशु मृत्यु दर 39 से घटकर 27 हो गई है। पांच वर्ष से कम आयु और नवजात मृत्यु दर में भी क्रमशः 42 प्रतिशत और 39 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है- जो वैश्विक औसत से बेहतर है। डॉ. नड्डा ने बताया कि टीबी के मामलों में 17.7 प्रतिशत की कमी आई है, जो वैश्विक दर (8.3 प्रतिशत) की तुलना में दो गुना से अधिक तेज़ है।

डॉ. नड्डा ने एम्स के स्नातक छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि चिकित्सा विज्ञान, प्रशिक्षण और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एम्स ने न केवल भारत बल्कि वैश्विक स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। पिछले एक दशक में भारत के चिकित्सा क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति हुई है। जहां पिछले सदी के अंत तक देश में केवल एक एम्स था, वहीं आज भारत में 23 एम्स संस्थान कार्यरत हैं।

उन्होंने स्नातकों से आह्वान किया कि वे शैक्षणिक और अनुसंधान क्षेत्र में सक्रिय योगदान दें, एम्स की प्रतिष्ठित विरासत को आगे बढ़ाएँ और अपने पेशेवर जीवन में उत्कृष्टता और नैतिकता को सर्वोपरि रखें।

इस अवसर पर नीति आयोग के सदस्य प्रो. वी. के. पॉल ने कहा कि ह्लसमाज ने हमें जो दिया है, उसे लौटाना हमारी जिम्मेदारी है। उत्कृष्टता को दैनिक अभ्यास और नवाचार को मार्गदर्शक सिद्धांत बनाइए।ह्व उन्होंने छात्रों से शिक्षा क्षेत्र से जुड़कर अगली पीढ़ी के स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रेरित करने का आग्रह किया।

समारोह में कुल 326 छात्रों को उपाधियां प्रदान की गईं, जिनमें 50 पीएचडी स्कॉलर, 95 डीएम/एम.सीएच. विशेषज्ञ, 69 एमडी, 15 एमएस, 4 एमडीएस, 45 एम.एससी., 30 एम.एससी. (नर्सिंग) और 18 एम.बायोटेक स्नातक शामिल थे।

इसके अतिरिक्त 7 चिकित्सकों को एम्स में उत्कृष्ट सेवा के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कार्यों की समीक्षा की



**गौतम बुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज यहां जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने वहां हो रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जेवर एयरपोर्ट से जुड़े अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी करते हुए कहा कि जल्द से जल्द अधूरे काम पूरे किए जाएं। मुख्यमंत्री के आगमन के बाद चर्चा है कि नवंबर माह के अंतिम सप्ताह या दिसंबर में जेवर एयरपोर्ट से उड़ानें शुरू हो जाएंगी। बैठक के दौरान यमुना विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी आरके सिंह, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नियाल) से जुड़े अधिकारी, जिला प्रशासन के अधिकारी, पुलिस के अधिकारी, जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह, गौतमबुद्ध नगर जिले के प्रभारी मंत्री कुंवर बृजेश सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, नेता आदि मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री के आगमन के चलते भारी पुलिस बल तैनात किया गया। मुख्यमंत्री हिंडन एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर के द्वारा करीब 12 बजे जेवर एयरपोर्ट पहुंचे, उन्होंने यहां पर अधिकारियों के साथ बैठक की, उसके बाद वह दिल्ली के लिए रवाना हो गए। कल गाजियाबाद में राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मु द्वारा एक अस्पताल के उद्घाटन के कार्यक्रम के अवसर पर भी मुख्यमंत्री रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ मौजूद रहेंगे।

# छठ पूजा की तैयारियां शुरू, घाटों का एसडीएम ने किया निरीक्षण



अखंड भारत संदेश

**बारा।** शनिवार को एसडीएम बारा प्रेरणा गौतम छठ पूजा पर्व के मद्देनजर टोंस नदी के किनारे स्थित घाटों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया।

### "सूर्य देव और छठी मैया की पूजा"नहाय-खाय से शुरू

क्षेत्र में छठ पूजा पर्व शनिवार से शुरू हो गया है ।छठ पूजा पर्व पर सूर्य देव को अर्ध्य देने वाले लोगों को परेशानी न हो इसके लिए घाटों पर व्यवस्था की जायजा लिया। शनिवार को नहाय- खाय से छठ पूजा शुरू हो गया है। एसडीएम ने बारा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत मवैया में टोंस नदी के घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम प्रधान एवं खंड विकास अधिकारी शंकरगढ़ को घाट पर साफ सफाई और विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित करने का आदेश दिया है।

## संपर्क मार्गो की दयनीय दशा पर ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

**करछना।** क्षेत्र के पुरैनी गांव में गधियांव-देवरी खुर्द संपर्क मार्ग की स्थिति बेहद जर्जर हो चुकी है। लोक निर्माण विभाग की लापरवाही और लंबे समय से रखरखाव न होने के कारण सड़क का लगभग आधा हिस्सा कटकर तालाब में समा गया है। सड़क के किनारे लगातार हो रहे कटान से अब मार्ग पर वाहनों का चलना बेहद जोखिम भरा हो गया है। इस संपर्क मार्ग से प्रतिदिन दर्जनभर स्कूली वाहन, चारपहिया व दोपहिया वाहनों का आवागमन होता है। संकरी सड़क पर हर दिन हादसे का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने कई बार जिम्मेदार अधिकारियों को सड़क की दुर्दशा से अवगत कराया, लेकिन विभाग की उदासीनता के कारण स्थिति लगातार बिगड़ती गई। स्थानीय निवासियों का कहना है कि अगर शीघ्र मरम्मत नहीं की गई तो यह मार्ग पूरी तरह तालाब में समा सकता है, जिससे ग्रामीणों का आवागमन पूरी तरह ठप पड़ जाएगा। लोगों ने प्रशासन से तुरंत सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

# थाना समाधान दिवस कोरांव में एसडीएम और एसीपी मेजा ने सुनी फरियाद

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** समाधान दिवस प्रभारी थाना कोरांव में मुख्य अतिथि एसडीएम संदीप तिवारी ने एसीपी मेजा के साथ लोगों की समस्याएं सुनीं। और तत्काल कार्यवाही का आदेश दिया।

एसडीएम ने गजाधरपुर में हद बंदी के बाद गड़े पत्थरगढ़ी के निशान उखाड़ने अवैध ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा करने की शिकायत पर टीम को अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया। उन्होंने खजुरी में ग्राम प्रधान के घर वालों ने पट्टेदार की भूमि पर अवैध कब्जा करने की शिकायत पर तथा एडम वित्त राजस्व प्रयागराज के स्पष्ट आदेश पर राजस्व टीम ने निष्पक्ष कार्यवाही नहीं किए जाने पर नायब तहसीलदार डई या कोरांव को पुनः पैमाईश करने का हुक्म दिया। और पट्टे दार की भूमि से प्रधान द्वारा अवैध कब्जा हटाने को कहा। एसडीएम ने

### चकमार्ग ग्राम समाज की जमीन से अतिक्रमण हटाने हेतु पांच टीमें पुलिस और राजस्व अफसरों की टीम भेजा

ग्राम समाज की जमीनों से अवैध कब्जे खाली कराने का अभियान जारी रखा है। अलहवा में चक मार्ग संख्या 1035 पर लोक संपत्ति निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मुकद्दमा के बावजूद अवैध कब्जा न खाली करने पर लेखपाल को धारा बेदखली की नोटिस जारी करने को कहा। इसी तरह पुलिस विभाग से कई मामले की शिकायत पर केस दर्ज करने तथा अन्य कुछ मामलों में जांच कर विधिक कार्यवाही का आदेश दिया।

## छठ एक अंतर्राष्ट्रीय महापर्व...



आदिकाल से श्रद्धा और भक्ति की स्वरूप है छठ।
देवों में सूर्य और देवियों में शक्ति की रूप है छठ।।
राजा प्रियव्रत और रानी मालिनी की उपवास है छठ।
महर्षि कश्यप द्वारा पुत्र रत्न की विश्वास है छठ।।
अयोध्या वापसी पर राम और सीता द्वारा विजय पर्व है छठ।
ऋषि मुद्गल के प्रयासों से संपूर्ण सनातन धर्म की गर्व है छठ।।
माता कुंती को कर्ण जैसे वीर और महान संतान की वरदान है छठ।
रानी द्रौपदी द्वारा पाण्डवों को पुनः राजपाठ मिलने की गुणगान है छठ।।
संतान प्राप्ति और समृद्धि हेतु आदर्श त्यौहार है छठ।
माताओं और बहनों द्वारा प्रकृति से विनम्र गुहार है छठ।।
उषा और प्रत्यूषा के उपासना की एकमात्र मिशाल है छठ।
हिंदू पर्व में प्रमुख, लोकप्रिय और विशाल है छठ।।
मुंगेर के पावन घाट से विश्व के हर कोने में विद्यमान है छठ।
विदेशों में भारतीयों के आस्था और संस्कृति की पहचान है छठ।।
यूनेस्को में धरोहर के रूप में शामिल होने वाली है छठ।
करोड़ों लोगों की उमंग,उत्साह और और खुशहाली है छठ।।
आदिकाल से श्रद्धा और भक्ति की स्वरूप है छठ।
देवों में सूर्य और देवियों में शक्ति की रूप है छठ।।

-लेखक-(आशीष कुमार सैनी)
पुराछात्र-इलाहाबाद विश्वविद्यालय

## शंकरगढ़ में संपन्न हुआ समाधान दिवस, 16 में 7 का मौके पर निस्तारण





**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ थाना परिसर में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी बारा प्रेरणा गौतम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर बड़ी संख्या में पहुंचे। समाधान दिवस के दौरान कुल 16 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 7 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया ।समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी बारा ने जनता की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक भटकना न पड़े। थाना प्रभारी यशपाल सिंह ने बताया कि जो मामले मौके पर निस्तारित नहीं हो सके हैं, उनके शीघ्र निपटारे हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन जनता की सुविधा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और प्रत्येक शिकायत पर पारदर्शी कार्रवाई की जाएगी ।समाधान दिवस में राजस्व विभाग, पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। फरियादियों ने भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मुद्दों समेत विभिन्न समस्याएं रखीं। अधिकारियों ने अधिकांश मामलों में मौके पर ही उचित समाधान का भरोसा दिया।

## सोना चांदी के जेवरात एवं नगदी सहित लाखों के माल पर अज्ञात चोरों ने किया हाथ साफ

**मऊआइमा।** मऊआइमा के एक घर में गुरूवार की रात चोर घर के छत पर चढ कर कमरे में दाखिल हो गये सोने और चांदी के आभूषणों तथा नगदी सहित लाखों की चोरी कर ले गए। भुक्तभोगी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी थी। पुलिस ने शनिवार को मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के बादलपुर (नगईपुर) गांव निवासी श्रीराम पटेल पुत्र मेवालाल के यहां गुरुवार की रात जब परिजन सोए हुए थे तो चोर घर के छत के रास्ते सीढी से नीचे उतर कर कमरों में घुसकर सन्दूकों और अलमारी का ताला तोड कर सोने की झुमकी,कान की बाला,टप तथा चांदी का करधन,पायल,हाथ का फूल आदि सवाव तोला सोने का जेवरात एंव डेढ किलो चांदी के अभूषण तथा 33 हजार रूपए नकदी लाखों की चोरी करने में सफल रहे रहे। शनिवार को श्रीराम पटेल ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया ।

# सरायममरेज मिशन शक्ति टीम ने बेटियों, महिलाओं को किया सशक्त

अखंड भारत संदेश





**जंघई।** शनिवार को थाना सरायममरेज मिशन शक्ति टीम प्रभारी उप निरीक्षक आराधना सिंह एवं उप निरीक्षक मिताली सिंह, उप निरीक्षक प्रिया त्रिपाठी व महिला आरक्षी वंदना द्वारा मिशन शक्ति केंद्र में आई महिलाओं को फेज - 5 मिशन शक्ति केंद्र, साइबर हेल्प डेस्क की जानकारी दी गई तथा सम्पूर्ण थाना कार्यालय का भ्रमण कराया गया एवं केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर केंद्रित सूचना पर गहनता से वार्ता कर जानकारी दी गई। जिसमें साइबर फ्रॉड के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए साइबर हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरुक किया गया। इस दौरान मिशन शक्ति टीम और एंटी-रोमियो टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया। अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को सशक्तिकरण, सरकार द्वारा संचालित योजनाओं और बच्चों के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। उन्हें अपने अधिकारों, सुरक्षा और संरक्षण के बारे में भी जागरूक करते हुए पंप्लेट वितरण किया गया।

## न्यूज झरोखा

### चनेथू में नाटक मंचन देखकर भाव-विभोर हुए सैकड़ों दर्शक



**जंघई।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आजाद अभिनय नाट्य कला समिति चनेथू भगवानपुर में तीन दिवसीय नाटक का मंचन किया गया। जिसमें गुरुवार को जय संतोषी मां, शुक्रवार को वादे की कसम और शनिवार रात्रि में कफन की कसम नाटक का मंचन किया गया। नाटक मंचन देखने के लिए प्रतिदिन सैकड़ों लोग पहुंचे और नाटक देखकर दर्शक भाव-विभोर हो गये। पात्रों में विकास यादव, इंद्रजीत यादव, दिव्यम यादव, गोपाल, राज, राहुल, विनोद, राजा, रवि, कृष्णकांत, विजय शंकर, दिनेश, कमलेश, शिवशंकर, लवकुश, आकाश, मुलायम, अनुराग, प्रिंस, आशीष, अभिषेक एवं सहयोगियों में भावी जिला पंचायत सदस्य रविंद्र यादव, डॉ सुरेश चंद्र यादव, विनय कुमार यादव, प्रेमचंद यादव, रामआसरे यादव जज्जे, बृजलाल यादव, भोलू, मेवालाल, हरीराम, श्रीकांत, उमाकांत, कल्लू राम, सुजीत, उत्तम, विनोद, सबेरा, सुभाष यादव, अरविंद यादव, उमाशंकर शर्मा, विनोद सरोज, आर्यन यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### नवदिवसीय श्री राम कथा के पूर्व निकाली भव्य कलश यात्रा



**करछना।** क्षेत्र के अरई गांव में रविवार से आयोजित नवदिवसीय श्री राम कथा के पूर्व शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कथा व्यास संत शिरोमणि कमल दास जी महाराज की अगुवाई में निकली कलश यात्रा के दौरान साज सज्जा और गाजे बाजे के साथ सर पर कलश लिए हुए महिलाएं,बच्चे और गांव के लोग मौजूद रहे। कलश यात्रा गांव के मंदिरों से होती हुई वापस पावर हाउस के आगे तालाब के समीप कथा स्थल तक पहुंची जहां कलश स्थापना कर विधिवत पूजन अर्चन किया गया।आयोजकों ने बताया कि 26 अक्टूबर से लेकर 3 नवंबर तक अनवरत कथा व्यास द्वारा भगवान श्री राम की कथा का बखान और 4 नवंबर को विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया है ।राम कथा कार्यक्रम में आयोजकों ने क्षेत्र वासियों से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। इस मौके पर विनय प्रताप सिंह,विनायक पंडित,शिवम पांडेय समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### उग्रसेनपुरः तापस वेष बिसेषि उदासी, चौदह बरिस रामु बनबासी



**जंघई।** ॐ साईंनाथ रामलीला मंडल विश्वम्भरपुर मिजार्पुर, उग्रसेनपुर की रामलीला मंचन में शुक्रवार को दशरथ-कैकेयी संवाद, श्रीराम वनगमन, केवट प्रसंग लीलाओं का संगीतमय मंचन किया गया। महाराज दशरथ अपनी बढ़ती अवस्था को देखते हुए मंत्री परिषद से विचार-विमर्श करके श्रीराम को अयोध्या का राजा बनाने की घोषणा करते हैं, जिसे सुनकर अयोध्या वासियों में खुशी की लहर दौड़ जाती है सभी श्रीराम के राजतिलक की तैयारियों में लग जाते हैं। श्रीराम के राजतिलक का समाचार सुनते ही दासी मंथरा महारानी कैकेई को भड़काती है और भरत को राजगद्दी पर बैठाने के लिए उकसाती है। महारानी कैकेई उसकी बातों में आकर, कोप भवन में चली जाती हैं, जहां वह महाराज दशरथ से दिए हुए दो वचन मांगती है, पहला भरत को राजगद्दी और दूसरे वचन में श्रीराम को 14 वर्षों का वनवास। जब श्रीराम को पता चलता है तो अपने पिता के वचनों की लाज रखने के लिए खुशी-खुशी 14 वर्षों के लिए वन में जाने के लिए सहर्ष तैयार हो जाते हैं पुत्र वियोग में दशरथ प्राण त्याग देते हैं रामलीला का मंचन केवट संवाद तक हुआ। इस अवसर पर अध्यक्ष मुरलीधर शर्मा, कोषाध्यक्ष अंकुश, दूधनाथ उपाध्याय, डायरेक्टर पुष्पेन्द्र सिंह, सुभाषचंद्र शर्मा, श्यामधर शर्मा, भोलानाथ मिश्रा मंत्री, अशोक मिश्रा महामंत्री, प्रदीप कुमार शुक्ला सचिव, अनिल तिवारी उपाध्यक्ष, अभिषेक तिवारी, आशीष तिवारी, हौसिला तिवारी, उत्कर्ष पांडेय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# समय पर नही बन सका पीपा पुल,आक्रोष ऐतिहासिक मसुरिया धाम मेला में प्रतिदिन यमुनापार कर आते हैं सैकड़ों श्रद्धालु

अखंड भारत संदेश



**लालापुर।** थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गांव में यमुना घाट पर पीपा पुल का निर्माण कौशाम्बी जनपद के लोक निर्माण विभाग द्वारा अक्टूबर माह तक करा दिया जाता था ।परन्तु इस वर्ष अभी निर्माण कार्य नहीं शुरू हुआ है ।ग्रामीणों ने कौशाम्बी जनपद सहित प्रयागराज जनपद के अधिकारियों को समस्या के बारे में अवगत कराया, परन्तु आज तक किसी अधिकारी ने इस ओर ध्यान नही दिया ।जबकि इसी घाट पर बारह वर्ष पूर्व नाव डूबने से सात लोगों की मौत हो चुकी है। ग्रामीणों की माने तो स्टीमर व नाव से सवारियों को भर कर उतारा जा रहा है। साथ ही लालापुर क्षेत्र के अमिलिया तरहार गांव स्थित ऐतिहासिक मसुरिया धाम का मेला भी ग्यारह नवंबर से शुरू होने वाला है । इसी घाट से सैकड़ों की संख्या में दर्शनार्थी दर्शन करने आते हैं ।अगर प्रसाशन ने ध्यान नहीं दिया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है ।जबकि पीपा पुल बनने से मध्यप्रदेश से कौशांबी, कानपुर, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, फैजाबाद-अयोध्या जाने वाले छोटे वाहन प्रयागराज न जाकर शंकरगढ़ से प्रतापपुर होते हुए कौशांबी के रास्ते नेशनल हाइवे पर पहुंच जाते हैं,जिससे उनको 50 किमी की दूरी के साथ समय व ईधन की बचत होती है ।पीपा पुल बनने से कौशाम्बी जनपद से देशी गुड़,सब्जी आदि वस्तुओं का आयात शंकरगढ़, लालापुर, बारा, जसरा,नारीबारी सहित मध्य प्रदेश बार्डर से सटे गांवों और बाजारों में बढ़ जाता है ।जिससे ये वस्तुएं सस्ते दाम पर उपलब्ध हो जाती है ।साथ ही सरकारी कर्मचारी जो प्रतिदिन नाव से आते जाते है वो भी पुल बनने से समय से कार्यालय व घर पहुंच जाते है ।डेराबारी गांव के राम बाबू मिश्र, शेर बहादुर सिंह, चंद्र निधान पांडेय, विवेक उर्फ लाला शुक्ल,पडुवा के प्रधान दीपेश मिश्र, लालापुर के प्रधान शंकरलाल पांडेय, नौडिया के सूरज शुक्ल, अधिवक्ता आशीष कुमार, प्रभात शुक्ल, संतोष शुक्ल ने पत्र लिखकर जिलाधिकारी कौशाम्बी एवं प्रयागराज को समस्या से अवगत कराकर पीपा पुल बनाने की मांग किया है ।

### विशाल पर्वतारोहण स्पर्धा बड़ोखर में 7 दिसम्बर को

**कोरांव।** पर्यटन विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं पौराणिक धरोहरों के संरक्षण व संवर्धन हेतु जन जागरूकता अभियान के तहत विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दिसम्बर के प्रथम सप्ताह में आयोजित होने वाले विशाल पर्वतारोहण स्पर्धा के सफल क्रियान्वयन को लेकर क्षेत्रीय समाज सेवियों की बैठक शनिवार को कृषक शान्ति निकेतन इ० का० बड़ोखर में सम्पन्न हुई । बैठक मे लिए गए निर्णय के अनुसार आगामी 7 दिसम्बर को सुबह 9 बजे बड़ोखर स्थित कृषक शान्ति निकेतन इण्टर कालेज परिसर से पर्वतारोहण कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। उक्त जानकारी देते हुए कृषक इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य एवं आयोजन मंडल के सदस्य सुरेश कुमार कुशवाहा ने बताया कि इस वर्ष यमुनापार के अधिकांश विद्यालयों ने अपने क्षात्रों की सहभागिता हेतु इच्छा व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर्यावरण प्रश्नोत्तरी एवं चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें विद्यालय के प्रबन्धक तथा प्रधानाचार्यो का सहयोग अपेक्षित है। बैठक में सर्वश्री गजेन्द्र प्रताप सिंह, सुनील केशरी, धर्मवीर कुशवाहा, राम सूरत तिवारी, विश्वनाथ प्रताप सिंह, आसिफ खान, फूलचंद्र सिंह अशोक मौर्य, सुधीर कुमार केशरी, शैलेन्द्र आदि रहे।

## कर्तव्य, सम्मान, प्रेम, करुणा, मयार्दा के प्रतीक हैं श्रीराम : राकेश दुबे



**जंघई।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी ऊं रामलीला नाटक मंडल पड़री बरेस्ता कलां गांव में अविवाहित कलाकारों द्वारा रामलीला मंचन किया जा रहा है पांचवें दिन लक्ष्मण शक्ति का मंचन किया गया। रामलीला मंचन में सह संयोजक प्रवासी प्रकोष्ठ काशी क्षेत्र राकेश धर दुबे चनेथू ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रभु श्री राम हिंदू धर्म के सबसे पूज्यनीय देवताओं में से एक हैं, जो हिंदू धर्म में कर्तव्य, सम्मान, प्रेम, करुणा, और मयार्दा के प्रतीक हैं। उन्हें भगवान विष्णु का सातवां अवतार माना जाता है, और उनके जीवन और गुणों की शिक्षाएँ आज भी लाखों लोगों को ईमानदारी और धार्मिकता के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करती हैं। प्रभु राम को मयार्दा पुरुषोत्तम भी कहा जाता है, जिसका अर्थ है वह व्यक्ति जिसने सभी मयार्दाओं का पालन किया। वे विनम्रता, क्षमा, धैर्य, त्याग, और पराक्रम का सर्वोत्तम उदाहरण हैं। अविवाहित कलाकारों द्वारा भव्य रामलीला की प्रस्तुति दी जा रही है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष भाजपा श्याम बिहारी पांडेय, महामंत्री हरिभूषण सिंह, संचालक अजीत पांडेय, गरुण पांडेय, आलोक पांडेय, शिवराम बिंद, विनय दुबे, गुड्डू मिश्रा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## बिजली के पोल से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

अखंड भारत संदेश

**करछना।** थाना क्षेत्र के खाई गांव के सामने भीरपुर भगनपुर मार्ग पर बिजली पोल से टकरा कर बाइक सवार युवक क्षेत्र के बीरपुर का निवासी बसंत लाल केशरवानी का 30 वर्षीय बेटा राजकुमार केसरवानी उर्फ दीनू केसरवानी की मौत हो गई। दीनू केसरवानी बीरपुर बाजार में बीते कई वर्षों से इलेक्ट्रॉनिक की दुकान खोल रखी थी। शुक्रवार को दुकान का सामान लेने के लिए शहर गए थे। जहां से देर रात 9 बजे के करीब घर के लिए लौट रहे थे। उसी दरमियान घर से 1 किलोमीटर की दूरी खाई गांव के सामने मार्ग के बगल लगे बिजली पोल से टकराकर उनकी मौत हो गई। घटना के बाद पत्नी कृति केसरवानी व परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। दीनू केसरवानी की डेढ़ साल पहले शादी हुई थी,और एक 7 महीने का बेटा भी है। बसंत लाल केशरवानी घर पर रहकर मजदूरी का काम करते हैं। इनके तीन तीन बेटा व एक बेटी थी। दूसरे नंबर के बेटे की 2 साल पहले दिल्ली से घर वापस आते समय ट्रेन में आकस्मिक निधन हो गया था। जबकि इकलौती बेटी 5 साल पहले फंदे पर लटक कर खुदकुशी कर ली थी। अब बसंत लाल के एक बेटा वीरेंद्र केसरवानी ही है।

# सेहुंडा की रामलीला में कामजीत नारद जब हुए विश्वमोहिनी के दीवाने, दर्शकों ने बजाई तालियां

अखंड भारत संदेश



**जसरा।** सेहुंडा गांव में प्रथम दिवस नारद-मोह की रामलीला में सभी पात्र कलाकारों एवं दर्शकों का उत्साह देखने लायक रहा। रामलीला का मंचन आरम्भ होने से पहले जगतनियंता प्रभु श्री विष्णु की आरती उतारी गई। उसके बाद नर्तकियों द्वारा किए गए नृत्य को भी दर्शकों ने खूब सराहा। तत्पश्चात देवर्षि नारद हिमालय की कंदराओं में साधनारत थे। उधर देवराज इंद्र को लगा कि ब्रह्मपुत्र नारद तपस्यालीन होकर देवलोक पर अपना अधिकार करने वाले हैं। इसी आशंका के बीच उन्होंने अपने परम मित्र कामदेव को बुलाकर रंभा,उर्वशी, मेनका आदि अप्सराओं के साथ नारद जी की तपस्या भंग करने को भेजा ।इधर कामदेव के अथक प्रयास के बाद भी नारद जी तपस्यालीन ही रहे। भयवश कामदेव नारदजी से क्षमा मांगने लगे। देवर्षि के पूछने पर उन्होंने तपस्या भंग करने का प्रयोजन भी बताया। अब श्रीनारायण की लीला देवर्षि नारद को विचलित करने लगी। उनके मन में विचार आया कि मैने कामदेव पर विजय पाई है, इसलिए मुझे सृष्टि में कामजयी घोषित किया जाए। इसी विचार से वह सर्वप्रथम अपने पिता ब्रह्मा, कैलाशपति महादेव और क्षीरशायी भगवान विष्णु से मिलने गए। जहां श्रीहरि की माया से एक मायावी कन्या विश्वमोहिनी को देख वह खुद को न संभाल सके और उसका वरण करने के उद्देश्य से श्रीनारायण से उनका स्वरूप मांगने चले। भगवान श्री विष्णु ने उनकी इच्छानुसार हरिरूप दे दिया और स्वयं विश्वमोहिनी का वरण कर लिया। रूद्रगणों के कहने पर जब देवर्षि ने अपना चेहरा देखा तो उनका पारा सातवें आसमान पर चढ़ गया। क्रोधित होकर श्रीनारायण से मिलकर उन्हें श्राप देते हुए कहा कि, संयोगी तुम बने हो, देकर मुझे वियोग। विरही तुम भी बनोगे, ढूंढोगे संयोग।। साथ ही वानर का रूप देकर मेरा उपहास किया है, जब तुम्हारी भी भार्या का हरण होगा, तो यही वानर तुम्हारी मदद करेंगे। श्री विष्णु जी ने सहर्ष नारद जी के शाप को अंगीकार किया और कहा कि देवर्षि नारद जैसे महात्मा को कोई दूसरा विचलित नहीं कर सकता। मैंने अपने अगले अवतार के लिए स्वयं ही आप पर माया का प्रभाव डाल दिया था। अब आप जाकर ॐ नमः शिवाय का जप करें, उसी से आपको शांति मिलेगी। नारदजी ने अपने द्वारा दिए गए श्राप के लिए क्षमा मांगने लगे और भगवान शिव के नाम का स्मरण करते हुए प्रस्थान किए। इस अवसर पर दर्शकों ने पात्र कलाकारों का हौसला बढ़ाया। इस दौरान सैकड़ों महिलाएं, पुरुष व बच्चों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का स्वागत किया।

## अनियंत्रित पिक अप अप्पे से टकराई, महिला की मौत

**फूलपुर।** टायर फटने से पिक अप अनियंत्रित होकर सामने से आ रही अप्पे को जोरदार टक्कर मार दी जिससे सवारियों से भरी अप्पे सड़क पर ही पलट गई।अप्पे में बैठीं सवारियों को नीचे दब जाने से चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी फूलपुर में भर्ती कराया जहां एक महिला की मौत हो गई। शनिवार दोपहर करीब एक बजे प्रतापपुर से सवारी बैठाकर एक अप्पे फूलपुर की तरफ जा रही थी।अप्पे कभी फूलपुर थाना क्षेत्र के बौडई गांव से आगे ही पहुंची थी की तभी सामने से आ रही अनियंत्रित पिक अप ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी की अप्पे हवा में उछलते हुए सड़क पर पलट गई। जिसमें बैठी सवारियां अप्पे के नीचे दब गई। मौके पर चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों ने किसी तरह दबी हुई सवारियों को बाहर निकाला। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया जहां प्रतापपुर की एक महिला शन्नो की मौत हो गई वहीं अनीस, रजिया व संदीप का घायलावस्था में इलाज चल रहा है। ग्रामीणों ने बताया की पिक अप का पिछला टायर अचानक फट गया जिससे वह अनियंत्रित हो गया था। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वहीं घटना की सूचना पर दुर्घटना ग्रस्त घायलों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए।

# जिलाधिकारी ने स्वरूपरानी चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

## जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार अपर जिलाधिकारियों तथा अपर नगर मजिस्ट्रेटों के द्वारा भी स्वरूपरानी चिकित्सालय का किया गया निरीक्षण, सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**अस्पताल में निरीक्षण के दौरान प्राप्त कमियों को दूर कराये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के दिए निर्देश**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारियों तथा अपर नगर मजिस्ट्रेटो के द्वारा शनिवार को स्वरूपरानी चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर मरीजों को उपलब्ध हो रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सभी सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने स्वरूपरानी चिकित्सालय में निरीक्षण के दौरान ट्रामासेंटर, ओपीडी कक्ष, इमरजेंसी वार्ड सहित अन्य वार्डो का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने यूपीसिडकों के द्वारा कराये जा रहे छात्रावास के निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण ढंग से शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने मोर्चरी के पास सीवर लाइन निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने अस्पताल के अंदर जो सड़के खराब हो गयी है, उनको जल्द से जल्द सही कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने सभी चिकित्सकों व स्टॉफ को समय से अस्पताल में उपस्थित रहने तथा मरीजों का समुचित रूप से उपचार करने के निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शिफ्टवार तैनात चिकित्सकों के ड्यूटी रूम के बाहर ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों के शिफ्टवार नाम, मोबाइल नम्बर व समय स्पष्ट रूप से लिखकर सूचना चस्पा कराये जाने के लिए कहा। मरीजों को किसी सुविधा के लिए इधर-उधर भटकना न पडे और उन्हें सभी जानकारी उपलब्ध हो सके, इसके लिए हेल्पडेस्क बनाये जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिए जाने एवं अन्य व्यवस्थाओं को चुस्त-दूरूस्त रखने, पेयजल, अस्पताल में आने वाले मरीजों को समुचित उपचार तथा समय से ओपीडी में बैठकर चिकित्सकों के द्वारा उनका उपचार किये जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने मरीजों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित हो एवं सभी सुविधाएं उपलब्ध हो सके, के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान जो भी कमियां पायी गयी है, उसपर प्रभावी कार्यवाही करते हुए उन्हें सुधारा जाये। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्रीमती पूजा मिश्रा ने कार्डियोलॉजी विभाग, 2डी ईसीएचओ, ईसीजी कक्ष का निरीक्षण करते हुए उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। कार्डियोलॉजी विभाग के निरीक्षण में सभी चिकित्सक व कर्मचारी उपस्थित पाये गये। आईसीयू में भर्ती मरीज से बातचीत की गयी। भर्ती मरीजों के द्वारा अस्पताल में मिल रहे उपचार पर संतोष व्यक्त किया गया। मरीजों के द्वारा बताया गया कि ज्यादातर सभी दवाईयां अस्पताल से मिल जाती है। बाहर से दवा नहीं लेनी पड़ती है। उन्होंने शौचालय की बेहतर साफ-सफाई हेतु निर्देशित किया है।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्रीमती विनीता सिंह के द्वारा महिला एवं प्रसूती रोग विभाग, मनोचिकित्सा विभाग की ओपीडी का निरीक्षण किया गया। प्रसूती वार्ड-4 के निरीक्षण के दौरान लगभग सभी बेड ऑकुपाईड थे। वार्ड की साफ-सफाई एवं महिला प्रशाधन में साफ-सफाई की व्यवस्था में कमी पायी गयी। उन्होंने साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिए है।

नगर मजिस्ट्रेटो विनोद कुमार सिंह ने स्वरूपरानी चिकित्सालय में मुख्य बिल्डिंग में मेडिकल वार्ड, सर्जिकल वार्ड, डेंगू वार्ड, मेडिसिन विभाग, दवाओं के स्टोर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मरीजों से बातचीत करते हुए व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली, जिसपर मरीजों के द्वारा व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया गया तथा मरीजों के द्वारा बताया गया कि दवाएं अस्पताल से मिल रही है। साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक पायी गयी। सभी चिकित्सक व स्टॉफ उपस्थित पाये गये।

डिप्टी कलेक्टर प्रेम नारायण प्रजापति ने स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में साफ-सफाई, पानी, लाइट, कूलर, पंखा, एसी एवं अन्य व्यवस्थाओं तथा इलाज व दवाओं, एक्सरे मशीन, सिटी स्कैन मशीन, एम0आर0आई0 मशीन के संचालन और चिकित्सको के ओपीडी में उपस्थिति आदि का निरीक्षण किया गया। इनफर्टिलिटी एण्ड एडोलेसेंट वार्ड में डॉ0 शक्ति जैन अनुपस्थित होना बताया गया। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरे, वाटर कूलर, पंखा क्रियाशील पाये गये तथा 15 स्थानों पर सुझाव पेटिका स्थापित पायी गयी। एसआरएन अस्पताल में एक्सरे मशीन, सिटी स्कैन मशीन, एम0आर0आई0 मशीन एवं अल्ट्रा साउण्ड सभी संचालित पाये गये। साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक पायी गयी। दवा वितरण काउंटर पर पर्चे के अनुसार सभी दवाईयां मरीजों को प्राप्त हो रही है।

# मेजा समाधान दिवस में एसडीएम और इंस्पेक्टर ने फरियादियों की सुनी शिकायतें



समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनते एसडीएम और इंस्पेक्टर मेजा

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** शनिवार को थाना मेजा में आयोजित समाधान दिवस उपजिलाधिकारी मेजा और थाना प्रभारी मेजा की संयुक्त देखरेख में सम्पन्न हुआ।

मेजा। शनिवार को थाना मेजा में आयोजित समाधान दिवस उप जिलाधिकारी मेजा सुरेन्द्र प्रताप सिंह यादव एवं थाना प्रभारी मेजा दीन दयाल सिंह के संयुक्त देखरेख में सम्पन्न हुआ। इस दौरान समाधान दिवस में आए शिकायती प्रार्थना पत्रों का दोनों अधिकारियों ने सुनने के पश्चात निस्तारण किया और बचे हुए प्रार्थना पत्रों को संबंधित राजस्वकर्मी एवं पुलिस कर्मियों को आवशक कार्यवाही हेतु दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर चौकी प्रभारी जेवनीया सुमित त्रिपाठी,उपनिरीक्षक अक्षय सिंह के अलावा राजस्व कर्मी तथा बड़ी संख्या में शिकायतकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में राजेंद्र की मौत के बाद पीड़ित परिवार के घर पहुंचे सांसद दिया मदद का भरोसा

## कहा - हादसे में जान गंवाने वाले राजेंद्र प्रसाद पटेल के प्रति हमारी गहरी संवेदना है,ईश्वर उनकी आत्म की शांति के लिए श्री चरणों में स्थान दें और परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** सड़क हादसे में घायल राजेंद्र पटेल की इलाज के दौरान मौत होने पर प्रयागराज के सांसद कुंवर उज्जवल रमण सिंह ने शनिवार को पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर घटना के बाबत गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और हर संभव मदद का भरोसा जताया। इस दौरान सांसद ने अधिकारियों से बात कर पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की बात कही।



पीड़ित परिवार से मुलाकात कर मदद का भरोसा देते सांसद उज्जवल रमण

उल्लेखनीय है कि बीते घटना 18 अक्टूबर को बंधवा गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद पटेल मेजारोड बाजार से सब्जी लेकर साइकिल से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव के ही पवन पटेल पुत्र बीरबल, निवासी बंधवा, बाइक से मेजारोड की ओर जा रहा था। तभी उसकी बाइक ने पीछे से साइकिल सवार राजेंद्र प्रसाद को जोरदार टक्कर मार दिया था, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायलावस्था में अस्पताल में भर्ती राजेंद्र प्रसाद पटेल की इलाज के दौरान मौत हो गई थी जिसकी जानकारी मिलने पर प्रयागराज सांसद उज्जवल रमण सिंह पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। इस मौके वरिष्ठ समाजसेवी दिलावर सिंह, पप्पू यादव और विशाल पटेल भी मौजूद रहे।

# अरैल घाट पर छठ पूजा की तैयारियां जोरों पर एसडीएम करछना ने लिया स्थलीय निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** करछना तहसील के अरैल घाट पर छठ पूजा की तैयारियां पूरी गति से चल रही हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने घाटों पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं।

शनिवार की शाम एसडीएम करछना भारती मीणा ने घाट का स्थलीय निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घाट की स्वच्छता, रोशनी, सुरक्षा व पेयजल की उपलब्धता का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों और स्थानीय प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो और पूजा के दौरान सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह सुनिश्चित हों।



घाट पर प्रशासनिक टीम के साथ स्थानीय स्वयंसेवी और पंचायत प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। उन्होंने घाट के आसपास पार्किंग, प्रवेश और निकासी मार्ग को व्यवस्थित करने पर विशेष ध्यान दिया। श्रद्धालु भक्तजन भी तैयारी देखने पहुंचे और उन्होंने प्रशासन की सक्रियता की सराहना की। एसडीएम ने कहा कि छठ महापर्व लोक आस्था का पर्व है और सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित और व्यवस्थित वातावरण प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। घाटों पर लगातार निगरानी रखने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है।

# न्यूज झरोखा

## पत्रकार हत्या के विरोध में नैनी में कैंडल मार्च, अपराधियों की गिरफ्तारी और पत्रकार सुरक्षा कानून की उठी मांग



**नैनी।** नैनी पत्रकार एल.एन. सिंह की नृशंस हत्या के विरोध में शनिवार की रात नैनी के पत्रकारों और समाजसेवियों ने मौन कैंडल मार्च निकालकर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। प्रतिभागियों ने मृतक पत्रकार को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी और प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की। कैंडल मार्च नैनी मेवालाल बगिया से हनुमान नगर चौराहा तक निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में पत्रकार, समाजसेवी और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। इस दौरान दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्मा को शांति हेतु ईश्वर से कामना की। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार मिथिलेश त्रिपाठी और सुनील गिरी ने कहा कि पत्रकार की कलम समाज की आवाज होती है, और यदि कलम पर वार होगा तो लोकतंत्र कमजोर होगा। सरकार को अब कड़े कदम उठाने होंगे। पत्रकार देवा श्रीवास्तव और नसीम खान ने कहा कि पत्रकार केवल सच को उजागर करता है, उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार की है। हम सब एकजुट होकर न्याय की मांग जारी रखेंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से पत्रकार सुनील गिरी, पत्रकार राजीव जायसवाल, पत्रकार राकेश गुप्ता, पत्रकार देवा श्रीवास्तव, पत्रकार नसीम खान, पत्रकार राजीव जायसवाल, पत्रकार राहुल जायसवाल, समाजसेवीयों में सुभाष केसरवानी, घनश्याम जायसवाल, पार्षद राकेश जायसवाल, नयन कुमार कुशवाहा, धीरेन्द्र यादव धीरू, नाजिम खान और कई अन्य पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पीएम सूर्य घर - मुफ्त बिजली योजना का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नैनी।** नैनी चन्द्रलोक गेस्ट हाउस में शनिवार को भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पीएम सूर्य घर - मुफ्त बिजली योजना पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को सौर ऊर्जा से मिलने वाले आर्थिक और पर्यावरणीय लाभों से अवगत कराना था। कार्यक्रम में यू.पी. नेडा के परियोजना अधिकारी ने बताया कि इस योजना में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा कुल लागत पर 75 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है, जिससे सोलर उपकरण लगाने का व्यय काफी कम हो जाता है। उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल बिजली बिल से राहत देगी, बल्कि देश को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने में भी मील का पत्थर साबित होगी। मुख्य आयोजक राहिनी सोलर द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थियों को अतिरिक्त 10 प्रतिशत छूट देने की घोषणा की गई, जिससे इच्छुक उपभोक्ताओं के प्रारंभिक निवेश को पूरी तरह शून्य कर दिया गया। कंपनी के प्रबंधक ने बताया कि केवल सामान्य दस्तावेजों के आधार पर ही कोई भी नागरिक बिना अग्रिम भुगतान के इस योजना का लाभ उठा सकता है। एस.बी.आई. बैंक के प्रबंधक विष्णु शुक्ला ने बताया कि बैंक इस योजना के तहत प्रोजेक्ट लागत के 90 प्रतिशत तक आसान लोन सुविधा प्रदान कर रहा है, जिस पर मात्र 06 प्रतिशत ब्याज दर लागू होगी। उन्होंने इसे सौर ऊर्जा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम बताया। इस अवसर पर वक्ताओं ने बताया कि इस योजना के माध्यम से नागरिकों को बिजली बिल से पूरी तरह मुक्ति मिलेगी। जितना बिजली बिल हर माह आता है, उतनी ही राशि की ईएमआई से सोलर सिस्टम की लागत चुकाई जा सकती है। सिर्फ दो से तीन वर्षों में उपकरण की पूरी कीमत वसूल हो जाएगी, और उसके बाद घरों में पूरी तरह मुफ्त बिजली का आनंद लिया जा सकेगा। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सौर ऊर्जा से उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सरकार के इस कदम की सराहना की। प्रेसवार्ता में शाहिद सिद्दीकी परियोजना अधिकारी प्रयागराज यूपीनेड़ा, विष्णु कान्त शुक्ला क्षेत्रीय प्रबन्धक प्रयागराज स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, विकास मिश्रा प्रॉपराईटर रहिनी सोलर ने उपस्थित प्रेसवार्ता में सभी सम्बोधन करते हुए योजना का के बारे में अवगत कराया। इसके बाद पत्रकार बंधुओ का स्वागत किया गया।

## कुआँ गाँव में संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ



**प्रयागराज।** कौधियारा विकासखंड के कुआँ गाँव में संगीतमयी श्रीमद् भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रथम दिन कथा व्यास परम पूज्य स्वामी प्रियाशरणजी महाराज ने भागवत श्रवण के फल और महात्म का विस्तृत वर्णन किया और उपस्थित भक्तों एवं विद्वतजन को भागवत कृपा रूपी ज्ञान गंगा में सराबोर कर दिया। स्वामी जी ने भागवत का अर्थ समझाया। भा से भक्ति, ग से ज्ञान, व से वैराग्य और त से तारणहार। उन्होंने कहा कि भागवत कथा का श्रवण करने से पापों से मुक्ति मिलती है और मृत्यु के भय से निजात प्राप्त होती है। उन्होंने भक्तों को यह भी बताया कि जैसे भक्त भगवान की भक्ति करते हैं वैसे ही भगवान भी भक्तों की भक्ति का फल देते हैं। उन्होंने कहा पाकर भी जिन लोगों ने पाप के अधीन होकर श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण नहीं किया उन्होंने मानो अपने ही हाथों अपनी आत्मा को क्षति पहुँचाई। कार्यक्रम के अंत में प्रमुख यजमान कमला तिवारी, सुनीता तिवारी, शिव प्रकाश तिवारी और संगीता तिवारी ने भागवत पीठ की आरती उतारी और भक्तों में प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर प्रदीप दुबे, अशोक द्विवेदी, शिव सूरज शुक्ला, नरेंद्र तिवारी, रमेश चंद तिवारी, लालता प्रसाद मिश्र, ओम शंकर पाण्डेय, कन्हैया मिश्र, दयाशंकर मिश्र एडवोकेट, सुनील मिश्रा, द्वारिका प्रसाद शुक्ला, विमल मिश्र सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे। संचालक एवं निवेदक डॉक्टर एस.पी. तिवारी ने सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया और इस प्रकार ज्ञान और भक्ति का वातावरण गाँव में फैल गया।

# प्रयागराज जंक्शन समेत एनसीआर के 39 स्टेशनों पर प्रसारित किए गए छठ महापर्व के गीत

**प्रयागराज।** लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ पर उत्तर मध्य रेलवे ने यात्रियों के अनुभव को और भी भावनात्मक बना दिया है। प्रयागराज से लेकर झांसी और आगरा मंडल तक के 39 से अधिक रेलवे स्टेशनों पर छठ मइया के पारंपरिक गीतों की गुंज सुनाई दे रही है। रेलवे के इस प्रयास ने न केवल यात्रियों को उत्सव का अहसास कराया है, बल्कि उन्हें बिहार और पूर्वांचल की सोंधी संस्कृति से भी जोड़ा है। उत्तर मध्य रेलवे ने छठ पर्व के मद्देनजर यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और सहजता के लिए विशेष इंतजाम वकिए हैं। प्रयागराज में मंडल के प्रमुख स्टेशन जैसे अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, मिजजापुर, विंध्याचल, मानिकपुर और नैनी तथा झांसी मंडल के ग्वालियर, चित्रकूट, उरई, खजुराहो और आगरा मंडल के आगरा कैंट, मथुरा और धौलपुर स्टेशनों पर छठ के पारंपरिक गीत बजाए जा रहे हैं। यात्रियों के स्वागत के लिए जब छठ से जुड़े गीतों का प्रसारण शुरू हुआ तो यात्री चौंक गए। फिलहाल एनसीआर के 39 स्टेशनों पर मंगीला हम वरदान हे गंगा मईया, कांच ही बांस के बहंगिया और केलवा के पात पर उगेलन सुरुज देव आदि गीत दिन भर स्टेशन पर यात्रियों को सुनाई देते रहे। छठ महापर्व पर बिहार जा रही महिला यात्रियों ने कहा कि रेलवे की यह पहल उन्हें अपने गांव की याद दिला रही है। एनसीआर के सीपीआरओ शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि प्रयागराज छिवकी, सूबेदारगंज, उरई, विंध्याचल, ग्वालियर, खजुराहो, भरवारी, नैनी व सिराथू समेत 39 स्टेशनों पर ये गीत प्रसारित किए जा रहे हैं।

# बुनियादी सुविधाओं से कोसों दूर है मेजा के बंधवा का शनि शिवमंदिर, जिम्मेदार हैं खामोश

## मंदिर परिसर में साफ सफाई, धर्मशाला पानी का अभाव और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा का अभाव बना श्रद्धालु भक्तों की परेशानी, मंदिर के पुजारी ने जिला प्रशासन से किया मदद की मांग

**(अतुल तिवारी)**

**मेजा।** क्षेत्र के लोगों के लिए इन दिनों आस्था और भक्ति का प्रमुख केंद्र बना मेजा तहसील के बंधवा गांव में स्थित 25 वर्ष पुराना शनि-शिवमंदिर प्रशासनिक अधिकारियों की उपेक्षा के चलते आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए मोहताज है किंतु शासन प्रशासन के जिम्मेदारों ने इस मंदिर के अपनी नजरें इनायत नहीं किया। परिणाम स्वरूप क्षेत्र का यह पुराना इकलौता धार्मिक मंदिर अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। उल्लेखनीय है कि यह मंदिर क्षेत्र का इकलौता शनि मंदिर है। इस मंदिर में भगवान शनिदेव के अलावा कई अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियां स्थापित हैं जिनकी पूजा अर्चना के लिए आसपास के गांवों के लोगों के अलावा दूर दर्ज के भी लोग प्रायःआया करते हैं किंतु यह मंदिर आज भी शासन प्रशासन के जिम्मेदारों की अदूरदर्शिता के चलते बुनियादी सुविधाओं से कोसों दूर है और अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। मंदिर के पुजारी अवधूत दानाराम ने बताया कि इस मंदिर की साफ सफाई के लिए सफाई कर्मी लगे जरूर हैं किंतु नियमित रूप से सफाई कर्मी नहीं आते नहीं हैं। इतना ही नहीं पुजारी के अनुसार मंदिर परिसर में पानी की व्यवस्था तो है



लेकिन वह पीने योग्य नहीं है। उन्होंने बताया कि रहने के लिए मंदिर परिसर में एक जर्जर कच्चा मकान बना है, जो रहने के लायक नहीं है खासकर बारिश के दौरान पूरा बरसात का पानी घर के अंदर ही भर जाता है। गौरतलब है कि जिस मंदिर में भगवान शनिदेव के दर्शन को प्रत्येक शनिवार को सैकड़ों लोग आते जाते हैं वहां शौचालय की भी कोई व्यवस्था नहीं है। जबकि देश एवं प्रदेश के सभी धार्मिक स्थलों मंदिरों में आवश्यक और बुनियादी सुख सुविधाओं के लिए सरकार द्वारा दिशा निर्देश जारी किए गए हैं इसके बावजूद भी जिम्मेदार लोगों द्वारा इस मंदिर पर आज तक ध्यान नहीं दिया गया। इस संबंध में मंदिर के पुजारी ने जिला प्रशासन और स्थानीय तहसील प्रशासन से मंदिर परिसर में साफ-सफाई,पीने के पानी,पुजारी आवास और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं अतिशीघ्र उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े और वे सुचारू रूप से दर्शन एवं पूजा अर्चना कर सकें।

# मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान से महिलाएं व बेटियां हो रही हैं जागरूक, चल रहा अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मिशन शक्ति अभियान से आज वर्तमान में बिना भय के घर से निकल रही हैं और शिक्षा के प्रति बढ़ रहीं हैं आगे। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा,सम्मान व स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उदेश्य से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति 5.0 के तहत पुलिस आयुक्त प्रयागराज, पुलिस उपायुक्त कुलदीप सिंह गुनावत के निर्देशन में व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद प्रयागराज के गंगानगर जोन के समस्त स्थान द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत चला जागरूकता अभियान जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं व बेटियों को सशक्त बनाना व उनका सुरक्षा व सम्मान को लेकर शिक्षण संस्थानों व सार्वजनिक स्थानों पर जाकर उनके सम्मान व अधिकार को लेकर जागरूक किया गाया व उनकी सुरक्षा व सम्मान के दृष्टिगत दिए गए वीमेन पॉवर लाइन 1090, महिला हेल्प लाइन 181, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1076, पुलिस आपात कालीन डायल 112 व साइबर हेल्प लाइन 1930 आदि नंबरों के बारे मिशन शक्ति टीम द्वारा उन्हे जागरूक करते हुए दिए गए हेल्प



लाइन नंबरों को कैसे प्रयोग करना है आदि पर विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं में कन्या सुमंगला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना आदि के बारे में जानकरी दी व बताया गया की लाभ पात्र महिलाएं व बेटियां इसका लाभ उठाएं।

# डीपीआरओ रवि शंकर ने छठ महापर्व की तैयारियों का किया स्थलीय निरीक्षण

**स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्थाओं के लिए दिया दिशा निर्देश**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** आगामी छठ महापर्व को देखते हुए जनपद प्रयागराज में तैयारियों को लेकर जिला पंचायत राज अधिकारी रवि शंकर द्विवेदी पूरी तरह सक्रिय हैं। आज उन्होंने विकासखंड कोरांव के अंतर्गत ग्राम पंचायत पथर ताल में तहसीलदार विनय कुमार बरनवाल एवं एडीओ पंचायत कोरांव के साथ स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी ने छठ घाट पर स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम और पानी की उपलब्धता की स्थिति का गहन अवलोकन किया। उन्होंने ग्राम प्रधान और सचिव को निर्देश दिए कि पर्व के दौरान किसी श्रद्धालु को कोई असुविधा न हो और सभी तैयारियाँ समय से पूरी की जाएं। उन्होंने कहा कि जहां-जहां ग्रामीण क्षेत्रों में छठ पर्व मनाया जाना है, वहां गंगा तटों, नहर किनारों और अन्य जलाशयों पर स्वच्छता और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। आवश्यकतानुसार जनरेटर की व्यवस्था भी तुरंत कर ली जाए।

इसके अलावा जिला पंचायत राज अधिकारी ने ग्राम पंचायत सचिवालय का निरीक्षण किया, जहां स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया था। उन्होंने आशा और आंगनबाड़ी कार्यकताओं की उपस्थिति और कार्यप्रणाली की जानकारी ली। सचिवालय की टूटी बाउंड्री देखकर उन्होंने उसे शीघ्र ठीक करने और परिसर की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एएनसीटेबल की स्थिति भी दुरुस्त कराई गई।

जनपद के अन्य विकासखंडों झ मेजा, बहादुरपुर, जसरा, हंडिया, करछना, कौंधियारा, शंकरगढ़ आदि में भी जिलाधिकारी के मार्गदर्शन और जिला पंचायत राज अधिकारी के निर्देशन में इसी तरह के स्वच्छता और जनसुविधा अभियान चलाए जा रहे हैं। सभी एडीओ पंचायत, ग्राम प्रधान और सचिव अपने-अपने क्षेत्रों में घाटों की स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और सुरक्षा इंतजामों का सुनिश्चित कर रहे हैं।

जिला पंचायत राज अधिकारी ने कहा कि छठ महापर्व लोक आस्था का प्रतीक है। ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालुओं को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण प्रदान करना हम सबकी जिम्मेदारी है। उनकी सक्रियता यह दिखाती है कि वे केवल कार्यालय तक सीमित नहीं रहते, बल्कि दूरदराज के ग्रामों तक पहुंचकर जनसुविधाओं की गुणवत्ता का निरीक्षण कर रहे हैं।

# कातिलाना हमले में आरोपियो की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सीओ कार्यालय मे गरजे अधिवक्ता

## हाइवे पर विरोध प्रदर्शन कर धरना प्रदर्शन के जरिए प्रशासन को वकीलो ने दिया अल्टीमेटम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज।** तीन अधिवक्ताओं पर कातिलाना हमले को लेकर शनिवार को भी नाराज वकीलों का पारा चढ़ा दिखा। अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर से लेकर सीओ कार्यालय तक जमकर हंगामा किया। सीओ कार्यालय में नाराज वकील धरने पर बैठ गये। सांगीपुर थाना के बवरिहा गांव मे बुधवार की शाम तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता रूद्र प्रताप पाण्डेय व अधिवक्ता बालकृष्ण पाण्डेय तथा अभिषेक पाण्डेय पर विपक्षियों ने जानलेवा हमला बोल दिया था। घायल वकीलो का शनिवार को भी लखनऊ के एक अस्पताल मे इलाज जारी बताया गया है। घटना से नाराज वकीलो ने शनिवार को



संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई मे आमसभा कर रणनीतिक मंथन किया। आम सभा समाप्त होते ही वकील पुलिस व प्रशासन के खिलाफ कैम्पस मे नारेबाजी करने लगे। इसके बाद वकीलो का जत्था नेशनल हाइवे पर पहुंच गया। यहां से विरोध जताते वकीलो का जत्था सीओ कार्यालय पहुंचा। समाधान दिवस मे सीओ आशुतोष मिश्र के किसी थाने मे होने की जानकारी पर वकील भड़क उठे। नाराज वकीलो ने सीओ कार्यालय परिसर मे वकील धरने पर बैठ गये। इससे कार्यालय मे हडकंप मच गया। धरने के दौरान संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने कहा कि आरोपियो की गिरफ्तारी करने मे सांगीपुर पुलिस फिसडडी साबित हो रही है। आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि पुलिस व प्रशासन मामले को गंभीरता से नही ले रहा है। यहां सभा का संचालन महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय व उपाध्यक्ष आशीष तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। सीओ कार्यालय में धरने की जानकारी मिलने पर लालगंज कोतवाल आलोक कुमार फोर्स के साथ पहुंचे। कोतवाल ने आंदोलनरत वकीलो को बताया कि आरोपियो की धरपकड़ के लिए तीन टीमे गठित की गयी है। तब वकीलो ने सोमवार तक गिरफ्तारी न होने पर तहसील व पुलिस के अफसरो के घेराव की चेतावनी देते हुए धरना समाप्त करने पर राजी हुए दिखे। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष अजय शुक्ल गुडडू, विकास मिश्र, राजेश तिवारी, संतोष पाण्डेय, विपिन शुक्ल, शैलेन्द्र सिंह, प्रमोद तिवारी, दिनेश सिंह, मोनू पाण्डेय, राजेश द्विवेदी, आलोक शुक्ला, नामवर सिंह, विनय शुक्ल, सुरेन्द्र गौतम, मनोज शुक्ला, शिव नारायण शुक्ल, नारायणदत्त शुक्ला, लाल विनोद प्रताप सिंह, निरंजन पाण्डेय, धीरेन्द्र मिश्र, राकेश शुक्ला, अनूप पाण्डेय, कृष्णतोष मिश्र, सत्येंद्र श्रीवास्तव, दीपेंद्र तिवारी, प्रमोद सिंह, दिवाकर पाण्डेय, विभाकर नाथ शुक्ल, पवन पाण्डेय, शैलेन्द्र शुक्ला आदि अधिवक्ता रहे।

## रंजिश में हुई मारपीट का तीन पर केस

**प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट व तोडफोड की घटना को लेकर पुलिस ने तीन आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के कोडरा मांदूपुर गांव निवासी आद्या प्रसाद यादव पुत्र स्व0 रामदेव यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चैबीस अक्टूबर की रात करीब नौ बजे वह एक निमंत्रण से घर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में पुरानी रंजिश को लेकर गांव के शंकर वर्मा व उसके पुत्र अमर वर्मा तथा संग्राम वर्मा पुत्र स्व0 हजारी लाल वर्मा ने उसे जबरन रोक लिया और गाली देते हुए मारापीटा। आरोपियों ने पीड़ित की स्कूटी को क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित के शोर मचाने पर आरोपीगण जान से मारने की धमकी देते चले गये। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय का कहना है कि जांच के बाद तीन आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## न्यूज झरोखा

### माया मोह से छुटकारा पाने के लिए भक्तिभाव से हो प्रभु का स्मरण- श्रीराघव रामानुजदास



**लालगंज।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज मे शनिवार को श्रीमदभागवत कथा विश्राम दिवस पर श्रद्धालुओ की भीड जुटी दिखी। प्रयागराज से पधारे कथावाचक श्रीराघव रामानुजदास सुधाकर जी महराज ने कहा कि भगवान ने सृष्टि की संरचना जीव के आनन्द के लिए किया है। उन्होने कहा कि जीव को परमानंद का स्मरण करते हुए भक्तिभाव से जीवन को सुधारना चाहिए। उन्होने कहा कि भगवान के प्रति भक्ति शुद्धता में हो तब मनुष्य को कुछ भी मांगना नही पड़ता। उन्होने कहा कि श्रीमदभागवतगीता मे भगवान ने यह उपदेश दिया है कि सुख व दुख कभी भी स्थायी नही हुआ करते। उन्होने कहा कि भगवान के शुद्ध स्मरण के लिए एकांतवास का भी समय निकालना चाहिए। कथावाचक सुधाकर जी महराज ने बताया कि माया और मोह से मुक्ति के लिए सदैव भगवान का ध्यान लगाना चाहिए। उन्होने कहा कि मोक्ष का मार्ग शुद्ध अन्तःकरण से भगवान की भक्ति से ही खुलता है। उन्होने कहा कि भगवान की कथा को सुनकर भी जीवन को सुख की अनुभूति हुआ करती है। विश्राम दिवस पर भगवान की भव्य आरती मे श्रद्धालुओ ने राधेकृष्ण का जयकारा भी लगाया। कथा के संयोजक आचार्य रामअवधेश मिश्र, रजनीश मिश्र, प्रधानाचार्य उमाशंकर मिश्र, पूर्व ब्लाक प्रमुख पूर्णांशू ओझा ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। विद्या मंदिर पूर्व छात्र परिषद के महर्षि पाण्डेय, आशुतोष तिवारी, दीपेन्द्र ओझा, अम्बरीश मिश्र व अजेन्द्र सिंह ने कथावाचक सुधाकर जी महराज को भगवान श्रीराधाकृष्ण की प्रतिमा भेंटकर सम्मानित किया। आभार प्रदर्शन शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य प्रदोष नारायण सिंह ने किया। इस मौके पर डॉ0 बृजेन्द्र नारायण द्विवेदी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, डॉ0 दुर्गा प्रसाद ओझा, माधुरी ओझा, श्रीकृष्ण तिवारी, उमेशपाल मिश्र, प्रो0 श्यामबिहारी शुक्ल, डॉ0 राजेन्द्र मिश्र, डा0 आरएस त्रिपाठी, डा0 पुरूषोत्तम शुक्ल, विशालमूर्ति मिश्र, डॉ0 शक्तिधरनाथ पाण्डेय, डॉ0 राजकुमार पाण्डेय, कमलेश त्रिपाठी आदि रहे।

### शिक्षक/स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता बनने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 06 नवम्बर

**प्रतापगढ़।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य प्रजापति ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लखनऊ खण्ड स्नातक एवं लखनऊ खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल दिनांक 06 दिसम्बर 2025 को समाप्त होने के कारण अर्हता दिनांक 01.11.2025 के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का ह्यह्यडी-नोवोह्णह्ण पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। उन्होने बताया है कि स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र हेतु फार्म 18 या 19 में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 06 नवंबर निर्धारित की गयी है। 20 नवंबर को पांडुलिपियों की तैयारी और आलेख्य निर्वाचक नामावलियों का मुद्रण होगा, 25 नवम्बर को निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन होगा। दावें-आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक है। 25 दिसम्बर तक दावें-आपत्तियों का निस्तारण होगा और अनुपूरक सूची तैयार कर मुद्रित की जाएगी। निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 30 दिसंबर 2025 को होगा।उन्होने बताया है कि स्नातक निर्वाचन हेतु फार्म-18 एवं शिक्षक निर्वाचन हेतु फार्म-19 में आवेदन पत्र सीधे पदाभिहीत स्थलों में जमा किया जाना होगा। इसके अतिरिक्त आवेदक द्वारा वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन भी किया जा सकता है।उन्होने बताया है कि शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता बनने हेतु अर्हताएं-ऐसा प्रत्येक व्यक्ति जो भारत का नागरिक है और उस निर्वाचन क्षेत्र का सामान्य रूप से निवासी है, निर्वाचक नामावली में शामिल होने का पात्र होने के लिये 01 नवम्बर 2025 से तत्काल पहले छः वर्षो के अन्तर्गत कम से कम तीन वर्ष तक की अवधि के लिये राज्य के भीतर ऐसे विनिर्दिष्ट शैक्षणिक संस्थान में शिक्षण कार्य में लगा हो, जिसका स्तर माध्यमिक विद्यालय से कम न हो। स्नातक निर्वाचन में मतदाता बनने हेतु अर्हताएं-ऐसा प्रत्येक व्यक्ति जो भारत का नागरिक हो, उस निर्वाचन क्षेत्र का सामान्य रूप से निवासी है तथा 01 नवम्बर 2025 से कम से कम तीन वर्ष पहले या तो भारत के राज्य क्षेत्र में किसी विश्वविद्यालय का स्नातक है अथवा समतुल्य अर्हता रखता है तो वह निर्वाचक नामावली में शामिल होने का पात्र है। तीन वर्ष की अवधि का परिकलन उस तारीख से किया जायेगा जब से विश्वविद्यालय या अन्य सम्बन्धित प्राधिकरण द्वारा अर्हक डिग्री परीक्षा का परिणाम घोषित और प्रकाशित किया गया था।

### कार्बाइड गन से युवक हुआ घायल



**पट्टी।** कार्बाइड गन से लोगों की आंखों की रोशनी जाने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कुछ ऐसा ही मामला कंधई थाने के भैसौनी गांव में देखने को मिला। जहां पर कार्बाइड गन चलाने से युवक की आंख में गंभीर चोटे आई। युवक का इलाज प्राईवेट चिकित्सक के यहां चल रहा है। गांव निवासी शिवम गौतम (18) पुत्र सुभाष गौतम दीपावली पर कार्बाइड गन को लेकर आया था। दीपावली के बाद बीते शुक्रवार की देर शाम वहां इस गन से फायर कर रहा था। गन के दागने पर अचानक गन फट गई और युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। आनन-फानन में परिजन उसे लेकर प्राईवेट चिकित्सक के पास पहुंचे। जहां पर युवक की आंख में गंभीर चोट आई है। यह कार्बाइड गन पर कई राज्यों में प्रतिबंध भी लगाया गया है, लेकिन थोडी सी खुशी के लिए लोगों को गंभीर परिणाम भुगतान पड रहा है।

### पोस्टमार्टम के बाद युवक के शव का किया गया अंतिम संस्कार

**पट्टी।** दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत में एक बाइक सवार युवक की घटना स्थल पर मौत हो गई थी। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। पीएम होने के बाद परिजनों ने प्रयागराज में शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के मजीठी गांव निवासी राहुल त्रिपाठी (32) की बाइक से शुक्रवार की देर शाम दशरथपुर गांव के समीप दूसरे सवार से जोरदार टक्कर हो गई थी । सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया था। रविवार की दोपहर पीएम के बाद परिजनों ने शव को लेकर प्रयागराज में अंतिम संस्कार कर दिए। युवक की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

### महिला से छेडछाड का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** महिला के साथ हुई छेडछाड़ की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला का आरोप है कि बीती चैबीस अक्टूबर को दोपहर करीब दो बजे वह घर में साड़ी का घेरा बनाकर अंदर स्नान के लिए गयी थी। इसी बीच पड़ोस के गिरीशचंद्र पुत्र नन्हें जबरन घुस आये और छेडछाड़ करने लगा। पीड़िता के शोर मचाने पर आरोपी गाली व जान से मारने की धमकी देते भाग गया। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ छेडछाड का केस दर्ज किया गया है।

### जिला उद्योग बन्धु की बैठक 29 अक्टूबर को

**प्रतापगढ़।** उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया है कि जिला उद्योग बन्धु की बैठक दिनांक 29 अक्टूबर 2025 को अपरान्ह 3 बजे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय सभागार में निर्धारित की गयी है, सभी सम्बन्धित सदस्य बैठक में ससमय प्रतिभाग करें।

# पट्टी सीएचसी में प्रसुताओं को मेन्यू के आधार पर नहीं मिल रहा आहार

**विजय पाठक**

**पट्टी।** सरकारी अस्पताल में प्रसूताओं को दिए जाने वाले आहार पर अस्पताल के कर्मचारी ही डाका डाल रहे हैं। अस्पताल में भर्ती मरीजों को मेन्यू के अनुसार भोजन नहीं दिया जा रहा। लापरवाही का आलम यह है कि नाश्ते में दिये जाने वाले कच्चे दूध को दोपहर में दिया जाने वाले भोजन को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। शाम को सिर्फ नाम के लिए ही दलिया रह जाता है। जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी में भर्ती के दौरान नार्मल डिलीवरी के बाद 48 घंटे और सिजेरियन को आठ से दस दिन अस्पताल में भर्ती रखा जाता है। इस दौरान भर्ती मरीजों के लिए खाने की व्यवस्था अस्पताल प्रबंधन द्वारा ही की जाती है। प्रसूताओं को भर्ती के दौरान पौष्टिक आहार देने के लिए सरकार के द्वारा लाखों रुपये का बजट दिया जाता है, जिससे की






मरीजों को समय पर आहार मिल सके, लेकिन अस्पताल में मरीजों को दिए जाने वाले भोजन में गड़बड़झाला देखने को मिल रहा है। अस्पताल में भर्ती प्रसूताओं को मेन्यू के अनुसार नाश्ता और भोजन नहीं दिया जा रहा है। अस्पताल में सुबह, दोपहर और शाम को दिए जाने वाला आहार 90 रुपये का होता है। सुबह के नाश्ते में दूध का पैकेट, ब्रेड, अंडा और दलिया है। सीएचसी में भर्ती प्रसूताओं को किसी भी तरह का आहार नहीं दिया जा रहा है। वहीं दोपहर और शाम को भी कुछ नहीं दिया जा रहा है जिसके चलते प्रसूताओं को खुद से ही सबकुछ खरीदना पड़ रहा है। दो दिन पहले अस्पताल में भर्ती किया था। नॉर्मल डिलीवरी से बच्चा हुआ है। सुबह नाश्ते में दूध, दलिया और ब्रेड जहां नहीं दिया जा रहा है वहीं दोपहर में भी खाने के लिए कुछ भी नहीं दिया जा रहा है। बाजार से ही खाना मंगवा कर मरीज खा रहे हैं।पट्टी तहसील क्षेत्र के अलग-अलग गांव की प्रसूताओं रंजना पत्नी बलराम यादव निवासी मुजाही, पूजा गौड़ पत्नी दीप कुमार निवासी बहुता व कस्बे के पुरानी पट्टी मोहल्ले की रोली गौड़ को प्रसव पीड़ा होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां पर नार्मल डिलीवरी के बाद शुक्रवार सुबह तक प्रसूता को मिलने वाली सुविधाएं नहीं मिली। वहीं शाम को खाने में भी कुछ नहीं दिया गया था। सुबह के समय काफी इंतजार के बाद न तो दलिया, कच्चा दूध का पैकेट और ब्रेड दिया गया और न ही शाम को ही कुछ दिया गया। जिसको लेकर तीमारदारों में आक्रोश नजर आया। मामले में मरीजों के तीमारदारों ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा अस्पताल आने वाली प्रसुताओं को दी जाने वाली सुविधाओं को स्वयं अस्पताल कर्मी डकारते हुए डांका डाल रहे हैं जिस पर जिम्मेदारों को कार्रवाई करनी चाहिए। आखिर प्रसूताओं को दिए जाने वाले आहार को कौन खा रहा है, इसका जिम्मेदार कौन है यह एक बड़ा सवाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी की व्यवस्थाओं और सुविधाओं पर उठता नजर आ रहा है।

# पर्यटन एंव संस्कृति विभाग द्वारा पट्टी में होगी राम लीला

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** पर्यटन एवं संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा पट्टी में रामलीला का आयोजन होगा। पट्टी की ऐतिहासिक रामलीला का मंचन इस वर्ष श्री मारुति नंदन आदर्श सेवा समिति लक्ष्मण घाट अयोध्या द्वारा खेली जाएगी। आपको बताते चलें कि श्री हनुमान राम लीला समिति पट्टी 1999 से अनवरतक्षेत्रीय कलाकारों द्वारा मंचन करती चली आ रही थी। इस बार की रामलीला के मंचन के सन्दर्भ में नगर पंचायत अध्यक्ष व संरक्षक श्री हनुमान राम लीला समिति पट्टी, अशोक कुमार जायसवाल, समिति के अध्यक्ष दिनेश बहादुर सिंह बुदुल सिंह, प्रबंधक ब्रजेश बहादुर सिंह, महामंत्री सुधीर श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष सुरेश शुक्ल व प्रिन्स वरनवाल द्वारा सूबे के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप उर्फ मोती सिंह से पट्टी के ऐतिहासिक दशहरे



मेले के अवसर पर श्री हनुमान रामलीला समिति द्वारा राम लीला का मंचन करने हेतु पर्यटक एवं संस्कृति विभाग से कराए जाने के सम्बन्ध में तीन दिन पूर्व मुलाकात की थी। पूर्व मंत्री के प्रयास से पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा अयोध्या की मशहूर राम लीला कमेटी श्री मारुति नंदन आदर्श सेवा समिति लक्ष्मण घाट अयोध्या द्वारा रामलीला का मंचन 6 से 15 नवंबर तक रामनारायण इंटरमीडिएट कॉलेज के सामने अजय जायसवाल के हाते में खेली जायेगी।पूर्व कैबिनेट मंत्री के इस सामाजिक एंव धार्मिक कार्य के लिए श्री हनुमान राम लीला समिति के समस्त पदाधिकारी एंव सदस्यों सहित क्षेत्र वासियों में खुशी का माहौल है।

## थाना समाधान दिवस में सुनीं गयी शिकायतें, निस्तारण का भरोसा

**लालगंज।** थाना समाधान दिवस मे लालगंज कोतवाली में सोलह शिकायतो मे अफसरो ने दो का निस्तारण कराया। यहां शिकायतो की सुनवाई तहसीलदार गरिमा वर्मा व प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार ने संयुक्त रूप से किया। तहसीलदार ने लालगंज में लेखपालो की उपस्थिति का भी सत्यापन किया। लीलापुर थाने मे नौ शिकायते आयी। यहां एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने शिकायतों की सुनवाई की। जमीनी विवाद से जुडे प्रार्थना पत्रो पर एसडीएम ने राजस्व एवं पुलिस टीम का गठन किया। उदयपुर में सीओ आशुतोष मिश्र ने शिकायतो की सुनवाई की। यहां छः शिकायतो में दो का निस्तारण हुआ। सांगीपुर थाने में थानाध्यक्ष मनीष त्रिपाठी ने सुनवाई करते हुए चैदह शिकायतो मे दो का निस्तारण कराया।

# आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रेमी पर केस, गया जेल




**प्रतापगढ़।** प्रेम प्रसंग में युवती द्वारा आत्महत्या किये जाने की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी प्रेमी व उसके अज्ञात साथी पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरे टोडर गांव की बीस वर्षीया अंशिका सिंह पुत्री अरविंद सिंह ने बीते शुक्रवार को फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतका का शव घर के कमरे में दोपहर करीब तीन बजे फांसी के फंदे से लटकता मिला था। घटना को लेकर मृतका के चचेरे भाई आदर्श सिंह पुत्र स्व0 जनार्दन सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि मृतका के शव के पास मिले सुसाइड नोट में सुमित विश्वकर्मा पुत्र रामसिंह विश्वकर्मा निवासी पूरे लोका थाना उदयपुर के कारण आत्महत्या का कदम उठाने की बात लिखी है। सुसाइड नोट में मृतका ने यह भी लिखा है कि आरोपी सुमित व उसके दोस्त ने उसे मरने पर मजबूर कर दिया। एसओ मनीष त्रिपाठी का कहना है कि छानबीन में प्रथम द्दष्टया यह बात सामने आयी है कि आरोपी प्रेमी द्वारा शादी से इंकार करने पर युवती ने आत्मघाती कदम उठा लिया। तहरीर के आधार पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी सुमित को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## मिशन शक्ति के तहत जागरूकता चौपाल में महिलाओं को किया गया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**




**प्रतापगढ़।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया है कि विकास खण्ड लक्ष्मणपुर के ग्राम पूरे नेवाजी शुकुलपुर में ह्लमिशन शक्तिह्ल फेज-5 के अन्तर्गत जागरूकता चैपाल कार्यक्रम का आयोजन हव फॉर इम्पावरमेन्ट की टीम द्वारा किया गया जिसमें उपस्थित महिलाओं को घरेलू हिंसाध्दहेज उन्मूलन विषयों पर चर्चा की गयी एवं विभाग द्वारा संचालित योजनायें जैसे-निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उ०प्र० मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पांसरसिप योजना, बेटी बचाओ बेटी पढाओं, वन स्टाप सेन्टर, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं हेल्पलाइन नम्बर 1090, 181, 112 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में गांव की महिलायें आदि लोग उपस्थित रहे।

# थाना समाधान दिवस पर डीएम एवं एसपी ने थाना कोहड़ौर में लोगों की सुनी शिकायतें

## शिकायतकताओं की शिकायतों का जल्द और प्रभावी ढंग से समाधान करायें : डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी व पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना कोहड़ौर में दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुनकर अधिकारियों को शिकायतों का जल्द और प्रभावी ढंग से समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि जनता को न्याय मिले और थानों में उनकी समस्याओं का समाधान हो। थाना कोहड़ौर समाधान दिवस में 11 शिकायतें राजस्व विभाग की प्राप्त हुई। डीएम ने कहा कि थाना समाधान दिवस में जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध कर राजस्व



एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें जिससे कि फरियादियों को बार-बार अपनी शिकायत को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। जिलाधिकारी ने कहा कि जो फरियादी भी अपनी समस्या लेकर आये उनकी शिकायतों को गम्भीरता से सुनें। उन्होंने राजस्व और पुलिस अधिकारियों को संयुक्त रूप से कार्य करते हुए आम जनमानस की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि किसी भी शिकायत को अनदेखा न करें और उसका समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से समाधान किया जाय। डीएम ने थाने पर आने वाले प्रत्येक नागरिक के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखने के निर्देश भी दिये गये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने निर्देशित किया कि थाने में आये हुये जनता की समस्याओं को सहानुभूति के साथ सुने और जल्द से जल्द उनकी शिकायतों का निस्तारण करायें। एसपी ने समाधान दिवस रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर और शिकायत निस्तारण अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्होंने लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाए। इस अवसर पर सम्बन्धित अधिकारी व राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## धूमधाम से निकली कलश यात्रा



**लालगंज।** श्रीमदभागवत कथा को लेकर कांसापुर बासूपुर में शनिवार को कलश यात्रा निकाली गयी। इसमें सैकड़ों की संख्या में शामिल महिला पुरूष श्रद्धालु सिर पर आस्था का कलश लिये भगवान वासुदेव की भक्ति में मगन दिखे। कथाव्यास आचार्य मुकेश आनंद जी महराज की अगुवाई में निकली कलश यात्रा गांव के मन्दिरों में होते हुए गांव समीप स्थित सई नदी किनारे पहुंची। यहां मुख्य आयोजक जयन्त्री प्रसाद पाण्डेय व इन्द्रावती पाण्डेय ने वैदिक मंत्रोचार के बीच विधिविधान से आदिगंगा सई का पूजन अर्चन किया। कलश यात्रा के दौरान डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों के बीच अबीर गुलाल उडाते श्रद्धालु राधाकृष्ण की भक्ति में रमे दिखे। कथाव्यास आचार्य मुकेश आनंद जी महराज ने कहा कि श्रीमदभागवत कथा महज एक धार्मिक आयोजन न होकर आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। उन्होने कहा कि श्रीमदभागवत कथा श्रवण करने से मनुष्य में सदभाव, करूणा व सत्य का संचार होता है। इस मौके पर देव नारायण पाण्डेय, रामअचल पाण्डेय, ऋषभ मिश्र, तीर्थप्रकाश दुबे आदि मौजूद रहे।

# मुंबई से दीपावली मनाने घर आए युवक की ट्रेन की टक्कर से मौत

● खेत की तरफ जा रहा था युवक, परिजनों में मचा कोहराम, पुलिस जांच में जुटी

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र में मुंबई से घर पर परिवार के साथ दीपावली मनाने आए युवक की खेत की तरफ जाते समय ट्रेन की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई,ट्रेन की टक्कर से युवक के शरीर के कई टुकड़े हो गए और कई मीटर तक फैल गए ,युवक का कमर के नीचे का भाग बचा हुआ है,युवक की मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया, घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के चमन्धा निवासी राजकरन उम्र लगभग 21 वर्ष पुत्र स्वगीय पृथ्वी लाल मुंबई में रहकर काम करता था और परिवार चलाता था,दीपावली पर वह घर आया हुआ था,शनिवार की सुबह वह अपने खेत की तरफ रेलवे लाइन को पारकर जा रहा था,तभी वह तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई।घटना की जानकारी होने कर उसके परिवार में कोहराम मच गया,मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई, घटना की सूचना पुलिस को दी गई,सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई है।

## रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात शव, पहचान में जुटी पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**कड़ा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत दौडापुर कुरमुरीदन और लुकिया रेलवे स्टेशन के मध्य रेलवे ट्रैक पर शनिवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। शव मिलने की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।स्थानीय लोगों की सूचना पर सैनी थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। प्रारंभिक जांच में ऐसा प्रतीत होता है कि व्यक्ति की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।मृतक की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है। व्यक्ति की उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में भी व्यक्ति की पहचान के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।थाना प्रभारी सैनी ने बताया कि शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। यदि किसी को भी इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी हो, तो वह तत्काल पुलिस से संपर्क करे। पुलिस ने शव को मोचरी में रखवा दिया है और कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



## न्यूज झरोखा

### कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर ग्राम पंचायत अधिकारी संगठन की हुई बैठक



**कौशांबी** ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारी की तमाम समस्याओं को लेकर मंझनपुर विकास खंड कार्यालय में शनिवार को समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई है बैठक में निर्णय लिया गया है कि दोनों संघ के कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक महीने विभागाध्यक्ष कर्मचारियों की समस्याओं को सुने और उनकी समस्याओं का समाधान करें इससे संबंधित ज्ञापन भी मुख्य विकास अधिकारी को संबोधित सौंपा गया है बैठक में प्रमुख बिंदुओं में मनरेगा में सचिव को आईडी पासवर्ड दिया जाए और मनरेगा कार्यों में अनियमित पर केवल सचिव को दोषी न समझा जाए बल्कि अनियमितता के मामले में एपीओ जे ई और टी ए को भी बराबर भागीदार बनाया जाए बिना स्पष्टीकरण के निलंबित ना किया जाए जो ग्राम विकास अधिकारी और ग्राम पंचायत अधिकारी निलंबित है उन्हें तत्काल बहाल किया जाए जिन ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारी का वेतन अवरुद्ध है उनका वेतन तत्काल बहाल किए जाने की मांग सहित विभिन्न बिंदुओं पर दोनों संगठनों की बैठक संपन्न हुई है बैठक में अध्यक्ष अरविंद सिंह और महामंत्री सुरेश चंद्र मौर्य सहित तमाम ग्राम विकास अधिकारी और ग्राम पंचायत अधिकारी संगठन के सदस्य मौजूद रहे।

### समाधान थाना दिवस पर समस्त थानों पर सुनी गई जनशिकायते



**कौशांबी** थाना समाधान दिवस के अवसर पर राजेश कुमार पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कौशाम्बी में। जनशिकायतों को सुनकर प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया साथ ही निर्देशित किया गया कि जमीन सम्बन्धित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रूप से मौके पर जाकर प्रकरण का निस्तारण किया जाये, जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना ना पड़ें व प्रकरणों का त्वरित व न्यायपूर्ण निस्तारण हो सकें इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा थाना सैनी पर क्षेत्राधिकारी चायल अभिषेक सिंह द्वारा उपजिलाधिकारी चायल अरुण कुमार के साथ थाना संदीपनघाट पर, क्षेत्राधिकारी जनेश्वर प्रसाद पाण्डेय द्वारा उपजिलाधिकारी मंझनपुर सुखलाल कुमार वर्मा के साथ थाना पश्चिम शरीरा पर, क्षेत्राधिकारी मंझनपुर शिवांक सिंह द्वारा थाना मंझनपुर पर जनसुनवाई की गयी तथा जनपद के समस्त थानों पर सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा जनशिकायतों को सुनकर कुछ का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित को अवगत कराया गया । जनपद में कुल 58 मामले 45 भूमि विवाद व 13 अन्य विवाद पुलिस से संबंधित प्राप्त प्रार्थना पत्रों में से 07 का 01 भूमि विवाद व 06 अन्य विवाद पुलिस का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु टीमों का गठन कर मौके पर रवाना किया गया।

### नायब तहसीलदार व एसओ कोखराज ने फरियादियों की समस्या को सुना



**कोखराज कौशाम्बी** कोखराज थाना समाधान दिवस में जनसुनवाई में नायब तहसीलदार अपर्णा श्रीवास्तव व एसओ कोखराज की अध्यक्षता में फरियादियों की समस्याओं को सुना गया और लेखपाल व क़ानून गो को राजस्व सम्बंधित विवादित मामलों में पुलिस टीम के साथ मौके पर जा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराए जाने का निर्देश दिया गया उन्होंने कहा कि किसी भी मामले में लापरवाही नही होनी चाहिए मौके पर 12 लोगों ने अपनी समस्याओं को दर्ज कराया जिसमें 2 मामलों का मौके पर निस्तारण कराया गया बाकी मामलों में टीम के साथ जा कर निस्तारण करने को कहा ।समाधान दिवस के मौके पर चौकी प्रभारी भरवारी,एसएसआई विनय विक्रम सिंह,एसआई, अनुराग सिंह,व राजस्व विभाग कानून धर्मपाल, कानून गो,रोहित अग्रहरि, लेखपाल,देवेंद्र यादव,नेहा जैन,जगदीश यादव,पवन राय, रवि विश्वकर्मा, अनुराधा वर्मा ,आदि लोगों की उपस्थिति में समाधान दिवस सम्पन्न हुआ।

### कार की टक्कर से ई रिक्शा पलटा, चालक और सब्जी व्यापारी घायल



**अझुवा कौशाम्बी** सैनी कोतवाली के लोहदा गांव के पास परास मार्ग पर कार की टक्कर से ई रिक्शा पलट गया जिससे चालक और साथ में बैठा सब्जी व्यापारी जख्मी हो गए।घटनाक्रम के मुताबिक अटसराय निवासी ई रिक्शा चालक शैलेन्द्र पुत्र भैया लाल सैनी सब्जी मंडी से कुंवर चंद्र पुत्र ननका निवासी पथरांवा की सब्जी लेकर परास गांव जा रहा था ज्योंहि लोहड़ा गांव से आगे द्विवेदी इंटर कालेज के सामने पहुंचा सामने से तेज रफ्तार कार चालक की टक्कर से पलट गया मौके पर रहे ग्रामीणों ने सब्जी व्यापारी कुंअर और ई रिक्शा चालक के परिजनों को खबर करते हुए घायलों को एंबुलेंस से उपचार हेतु अस्पताल भेज दिया है।

### बिहार विधानसभा के चुनाव में दरभंगा जनपद के प्रभारी बनाए गए शमीम आलम

**कोखराज कौशांबी।** भारतीय राष्ट्रीय किसान कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं मध्यप्रदेश प्रभारी शमीम आलम को बिहार विधानसभा के आम चुनाव में जनपद दरभंगा का प्रभारी बनाया गया है एवं शमीम आलम के साथ में पूर्व जिला पंचायत सदस्य व पूर्व प्रदेश सचिव किसान कांग्रेस रजनीश पांडेय व प्रदेश सचिव किसान कांग्रेस शिवकुमार व प्रदेश सचिव एवं पूर्व अध्यक्ष किसान कांग्रेस कौशांबी अजीत कुशवाहा एवं अध्यक्ष मानवाधिकार कौशाम्बी विष्णु कुमार सोनी व पूर्व पी सी सी अरविंद कुमार श्रीवास्तव को प्रभारी बनाया गया इसके लिए राहुल गाँधी एवं अजय राय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सूखपाल सिंह खैरा अखिलेश शुक्ला का उन्होंने ने आभार व्यक्त किया है।

### शराब के लिए रुपए ना मिलने पर अधेड़ ने खाया जहरीला पदार्थ, इलाज के दौरान मौत



**कौशाम्बी** पश्चिमशरीरा थाना क्षेत्र के बाकर गंज गांव में एक 55 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति ने शराब के नशे की लत पूरी न होने के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया, हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल ले गये, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।अधेड़ की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक पश्चिमशरीरा थाना क्षेत्र के बाकर गंज गांव निवासी झगडू उम्र 55 वर्ष पुत्र भोंदू शराब का सेवन करता है। शनिवार की सुबह वह अपनी शराब की आदत पूरी करने के लिए अपने बेटे से रुपए मांगा। बेटे ने नशे के लिए रुपया देने से इंकार कर दिया तो गुस्से में झगडू ने बाजार से जहरीला पदार्थ खरीदकर खा लिया और रास्ते में ही गिर गया। परिजनों को जब उसके बेहोश होने की खबर मिली तो परिजन आनन फानन में उसे जिला अस्पताल ले गये। जहां हालत खराब होने पर डाक्टरों ने उसे प्रयागराज रेफर कर दिया प्रयागराज के रास्ते में अधेड़ की मौत हो गयी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने लिखापढ़ी के बाद शव को पोस्टमार्टम भेज दिया है शाम को शव आने के बाद परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया।अधेड़ की मौत से परिवार मे कोहराम मचा हुआ है।

## युवती से छेड़खानी करने वाले कथित डॉक्टर पर मुकदमा दर्ज

**अझुवा कौशाम्बी** सैनी कोतवाली के एक गांव में क्लीनिक खोले कथित डाक्टर पर गांव की एक युवती ने छेड़खानी का आरोप लगाते हुए सैनी पुलिस से शिकायत किया । युवती की शिकायत पर सैनी पुलिस ने कथित डाक्टर के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है सैनी कोतवाली के एक गांव की 18 वर्षीय एक युवती ने सैनी पुलिस से शिकायत कर बताया कि शुक्रवार की शाम करीब साढ़े छः बजे वह अपनी गांव की बाजार से घर वापस लौट रही थी , तभी गांव में क्लीनिक चला रहे एक कथित डाक्टर ने उसके साथ छेड़खानी करते हुए अश्लील हरकत की ।विरोध पर परिवार सहित जान से मारने की धमकी देने लगा । युवती की शिकायत पर सैनी पुलिस ने फतेहपुर जनपद के विजईपुर थाना के लोहदरा निवासी ब्रह्माकांत मौर्य पुत्र राज किशोर के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

# सचिव विहीन तिलगोड़ी सोसाइटी में उर्वरक के लिए परेशान हजारों किसान

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** किसानों को उर्वरक उपलब्ध कराए जाने की जिम्मेदारी सहकारी समितियां को दी गई है लेकिन सहकारी समितियो में सचिव की तैनाती नहीं है अतिरिक्त प्रभार देकर सहकारी समितियो का काम चलाया जा रहा है जिससे दो समितियो की जिम्मेदारी होने के चलते सचिव समितियो में समय नहीं दे पा रहे हैं जिससे हजारों किसानों को समय से उर्वरक नहीं मिल पाती है जिससे किसानों की फसल खराब होती है समय से उनके फसल की बुवाई नहीं होती जिससे किसानों के सामने बड़ी समस्या खड़ी है चायल तहसील के तिलगोड़ी सोसायटी मे लगभग नौ माह से सचिव का पद खाली पड़ा है सचिव की तैनाती ना होने से हमेशा सोसायटी बंद रहती है क्यों कि इस समय नेवादा की सोसायटी मे तैनात बीरेन्द कुमार को दोनो जगह का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है मौके पर किसानो को न नेवादा सोसायटी मे यूरिया मिल पाती है और न ही तिलगोड़ी सोसायटी मे किसानों को मौके से यूरिया खाद मिल पाती है जिससे किसान यूरिया के लिये चार घंटे लाईन मे लगने के लिए मजबूर है तमाम परेशानी के बाद किसान को खाद मिल पाती है शुक्रवार 24 अक्टूबर को नेवादा सोसायटी मे देखा गया कि सुबह से किसान लाईन मे लगे हैं लेकिन 11 बजे तक सोसायटी कि खिड़की नही खुली और जब कुछ लोगों ने बीरेन्द से बात किया तो बताया कि 12 बजे तक आयेंगे मोहनलाल सहित तमाम किसानों ने बताया कि सुबह आठ बजे से लाईन मे लगे हैं अब सवाल उठता है कि चार घंटे लाईन मे लगने के बाद यूरिया खाद मिलना संभव नही हो पाता लोगों ने बताया एक बजे के बाद नेटवर्क नही चलता जिससे यूरिया खाद के लिए किसानों को गंभीर समस्याओं से जूझना पड़ता है तब कहीं किसानों को यूरिया खाद मिल पाती है समितियां में व्याप्त समस्याओं की ओर सहायक निबंधक सहकारी समितियां भी गंभीर नहीं है जिससे किसानों की समस्या का समाधान होता नहीं दिख रहा है आलू व गेहूं की बुवाई का सीजन चल रहा है समय से उर्वरक ना मिलने पर किसानों के आलू और गेहूं की बुवाई पीछे छूट जाएंगे जिससे पैदावार कम होगी और किसानों के सामने समस्या खड़ी होगी।

### नेवादा सोसायटी से भी किसानो को नही मिल पाती मौके पर यूरिया




## 5 महीने से मानदेय ना मिलने से कोटेदार हुए परेशान

### दूसरे का पेट भरने वाले कोटेदार सरकार से मानदेय ना मिलने के बाद अपने पेट भरने के लिए परेशान

**कौशांबी।** सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के जरिए राशन कार्ड धारकों को समय से राशन पहुंचाने वाले उचित दर विक्रेता कोटेदारों को बीते 5 महीने से उनके हक का मानदेय नहीं मिल रहा है उनका मानदेय कब मिलेगा इस बारे में कोई भी अधिकारी कोटेदारों को बताने को तैयार नहीं है इससे कोटेदारों के सामने परेशानी खड़ी है प्रत्येक महीने राशन का वितरण तो कोटेदार कर रहे हैं लेकिन उन्हें मानदेय ना मिलने से उनके परिवार के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो रही है दूसरे का पेट भरने वाले कोटेदार सरकार से मानदेय ना मिलने के बाद अपने पेट भरने के लिए परेशान दिखाई पड़ रहे हैं राशन वितरण के चलते सुबह से शाम तक कोटेदार उचित दर विक्रेता की दुकान में समय देते हैं जिससे वह रोजी रोटी कमाने के लिए दूसरा व्यवसाय भी नहीं कर पाते हैं लेकिन 5 महीने से उन्हें उनका मानदेय न दिए जाने से कोटेदार परेशान है और तमाम कोटेदारों में इस बात को लेकर गहरा आक्रोश दिखाई पड़ रहा है इस संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी है जिससे कोटेदारों को 5 महीने से मानदेय न मिलने के बारे में जानकारी नहीं हो सकी है।

# दीवाल तोड़कर लाखों रुपए कीमत का सोने चांदी का जेवर नगद उठा ले गए चोर

**अखंड भारत संदेश**



**करारी कौशांबी** करारी थाना क्षेत्र के बरई बंधवा गांव में बीती रात किसान के घर की पक्की दीवार तोड़कर घर में घुसे चोर तीन लाख रुपए कीमत के सोने चांदी के जेवर वा 50 हजार रुपए नगद रुपए उठा ले गए हैं जबकि परिवार के लोग घर पर मौजूद थे सुबह जब घर वाले सो कर उठे तो घर का सामान बिखरा देख कर उनके होश उड़ गए घटना की जानकारी मिलते ही गांव के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल की है लेकिन खबर लिखे जाने तक घटना के खुलासा में पुलिस सुरागरसी नहीं लगा सकी है पीड़ित के नलकूप में इसके पहले भी दो बार चोरी हो चुकी है जिसका खुलासा अभी तक पुलिस नहीं कर सकी है। जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बरई बंधवा गांव में छोटेलाल पुत्र पंचम लाल के घर की पक्की दीवाल तोड़कर शुक्रवार की आधी रात को चोर घर के भीतर घुस गए परिवार के लोग घर के भीतर सो रहे थे उन्हें घटना की जानकारी नहीं हो सकी बेखौफ चोर घर के अंदर से लगभग डेढ़ तोला सोने का जेवर लॉकेट माथबेंदी बेसर और 2 किलो चांदी के जेवर तथा 50 हजार रुपए नगद उठा ले गए चोरी गए सामान की कीमत साढ़े तीन लाख रुपए से अधिक बताई जाती है सुबह जब परिवार के लोग सो कर उठे तो देखा कि घर की पक्की दीवार टूटी हुई है घर का सामान बिखरा हुआ है जानकारी करने पर घर के गायब सामान का पता चला है चोरी की जानकारी मिलते ही गांव के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए मामले की सूचना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल की है लेकिन खबर लिखे जाने तक घटना का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है।

## छीने गए मोबाइल वा बाइक के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र में 24 अक्टूबर की रात राजकुमार पुत्र शिव बरन निवासी गुलामीपुर कस्बा व थाना करारी अपने घर के बाहर खड़े होकर फोन पर बात कर रहा था तभी अज्ञात बाइक सवारों द्वारा पीछे से आकर मोबाइल आईफोन छीनकर भाग गये थाना करारी पर मु0अ0सं0 350/25 धारा 304(2) बीएनएस पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम में थाना करारी पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त राहुल पुत्र राकेश निवासी इन्द्रानगर करारी थाना करारी को गिरफ्तार किया गया अभियुक्त के कब्जे से छिना गया मोबाइल फोन आईफोन 16 प्रो मैक्स व 01 अदद चोरी की बिना नम्बर प्लेट की मोटर साइकिल (घटना में प्रयुक्त) बरामद हुई गिरफ्तार अभियुक्त को विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेजा हैं।

## कौशांबी मेडिकल कॉलेज ने रचा इतिहास, पहले ही बैच में 98 प्रतिशत परिणाम, जयश्री मिश्रा बनीं टॉपर

### प्रधानाचार्य प्रो. (डा.) हरिओम कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम मेहनत, अनुशासन और समर्पण का प्रमाण है

**कौशांबी।** सफलता तब नहीं बनती जब कोई मौका मिले, सफलता तब बनती है जब हर चुनौती को अवसर में बदला जाए। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय कौशांबी ने यही कर दिखाया इतिहास के पन्नों पर अपनी चमकदार छाप छोड़ते हुए। अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा आयोजित प्रथम प्रोफेशनल टइझर परीक्षा (सितंबर 2025) में कौशांबी मेडिकल कॉलेज के 97 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 95 विद्याथी सफल घोषित हुए। यह सफलता दर 98 प्रतिशत रही जो किसी भी नवस्थापित मेडिकल कॉलेज के लिए एक अभूतपूर्व उपलब्धि है।इस ऐतिहासिक परिणाम में जयश्री मिश्रा ने 75 प्रतिशत अंक (689) प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया जो उन्हें विशिष्ट श्रेणी में स्थान दिलाता है। पुलकित अग्रवाल ने 73.6 प्रतिशत(663) अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया जबकि रितिका शर्मा ने 73.5 प्रतिशत (662) अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त कर कॉलेज का गौरव बढ़ाया।कॉलेज प्रशासन, फैकल्टी और विद्यार्थियों की यह सामूहिक उपलब्धि न केवल संस्थान की उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाती है, बल्कि कौशांबी के चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र में नए युग की शुरुआत भी करती है।इस शानदार प्रदर्शन में एनाटॉमी, फिजियोलॉजी और बायोकेमिस्ट्री विभागों के फैकल्टी सदस्यों की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। उन्होंने विद्यार्थियों को न केवल विषय ज्ञान दिया, बल्कि अनुशासन, सेवा भावना और चिकित्सा के मूल्यों को भी आत्मसात कराया। प्रधानाचार्य प्रो. (डा.) हरिओम कुमार सिंह ने समस्त विद्यार्थियों और शिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता केवल परीक्षा की नहीं, बल्कि हमारी प्रतिबद्धता, एकजुटता और चिकित्सा के प्रति समर्पण की सफलता है। कौशांबी का पहला बैच आने वाले समय में चिकित्सा सेवा का नया मानक तय करेगा।उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह परिणाम भावी डॉक्टरों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

## विवाहिता की हत्या में सास ससुर पति गिरफ्तार

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के पुरखास गांव निवासी विमला देवी उर्फ गोरकी उम्र 19 वर्ष पुत्री चन्द्र पाल की शादी 6 महीने पहले करारी थाना क्षेत्र में हुई थी 23 अक्टूबर को ससुरालीजनों द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर बिमला देवी को फासी पर लटकाकर उसकी हत्या कर दी गयी थी थाना करारी पर मु0अ0सं0 346/25 धारा 85/80(2) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम में थाना सैनी पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 03 वांछित अभियुक्तों हीरालाल पाल उर्फ मिथुन पुत्र किशोरी लाल वा किशोरी लाल पाल उर्फ नत्थू पाल वा. सुरसती पाल पत्नी किशोरी लाल निवासीगण ग्राम दशरथपुर सचवारा थाना करारी कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेजा हैं। करारी थाना क्षेत्र के दशरथपुर गांव निवासी हीरालाल उर्फ मिथुन पुत्र किशोरी लाल की शादी सराय अकिल थाना क्षेत्र के पुरखास गांव निवासी विमला देवी उर्फ गोरकी उम्र 19 वर्ष पुत्री चन्द्र पाल के साथ लगभग 6 महीने पहले हुई थी शादी में बाद से ही ससुराल के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे और मृतका को प्रताड़ित करते थे शादी के कुछ दिन बाद से ही बिमला देवी के पति हीरालाल उर्फ मिथुन, ससुर किशोरी लाल तथा सास मिलकर आए दिन अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे तथा मारपीट गाली गलौज व शारीरिक, मानसिक रुप से प्रताड़ित करने लगे।बिमला का देवर राहुल फोन के जरिए दहेज की मांग करता था तथा अपने घर वालो को उकसाता था बिमला 03 दिन से मायके में दीवाली त्यौहार मनाने गई थी जिसे बुधवार को दिन में लगभग 02.30 बजे हीरालाल उर्फ मिथुन घर से बिमला को जबरिया बुला कर घर दशरथपुर लाया जहाँ ससुराली जन ने मिलकर मार कर पीट फांसी के फंदे से लटका दिया विवाहिता के भाई दीपक पाल की शिकायत पर करारी थाना पुलिस ने मृतका के पति हीरालाल उर्फ मिथुन ससुर किशोरी लाल सास और देवर राहुल के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है पति सास ससुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और देवर अभी फरार है।

# मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत जनपद कौशाम्बी पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**आषाढ़ा कौशांबी** मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण एवं संबंधित क्षेत्राधिकारीगण तथा समस्त थाना प्रभारीगण के नेतृत्व में जनपद के समस्त थानों की एंटी रोमियो स्क्वाड व महिला मिशन शक्ति टीमों द्वारा 25 अक्टूबर को महिलाओं व बालिकाओं के बीच व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान थाना मंझनपुर के ग्राम रामपुर बसोरहा, कोरी रोड,मंझनपुर चौराहा पर महिलाओं बालिकाओं को जागरूक किया गया।थाना संदीपनघाट के महगांव प्राइमरी एंड कॉन्वेंट स्कूल के सामने जागरूकता अभियान वा थाना मोहब्बतपुर पइंसा के रानी देवी भैयालाल जूनियर हाईस्कूल कुंद्रावी में बालिकाओं छात्राओं को जागरूक किया गया थाना करारी के ग्राम गुलामीपुर मुख्य सड़क पर जागरूकता अभियान वा थाना सैनी के प्राथमिक विद्यालय मोचारा खास के सामने जागरूकता अभियान वा थाना पिपरी के दुल्लापुर प्राथमिक विद्यालय के सामने जागरूकता अभियान वा महिला थाना द्वारा खोड़ायगंज प्राथमिक विद्यालय में जागरूकता अभियान वा थाना चरवा के विज्ञानम ग्लोबल स्कूल बेरवा में जागरूकता कार्यक्रम वा थाना कौशांबी के ग्राम जोगपुर स्कूल के पास जागरूकता अभियान वा थाना सराय अकिल के कस्बा सराय अकिल मुख्य मार्ग पर जागरूकता अभियान वा थाना कोखराज के ग्राम कोखराज मुख्य चौक के पास जागरूकता अभियान वा थाना पश्चिम शरीरा के उच्च प्राथमिक विद्यालय आषाढा में जागरूकता अभियान वा थाना महेवाघाट के एसके इंटर कॉलेज ग्राम टिकरा में छात्राओं को जागरूक किया गया। अभियान के दौरान महिला मिशन शक्ति व एंटी रोमियो टीमों ने बालिकाओं एवं महिलाओं को नारी सशक्तिकरण से संबंधित निम्न प्रमुख बिंदुओं मिशन शक्ति नारी सम्मान नारी सुरक्षा नारी स्वावलंबन पर जानकारी दी साथ ही निम्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों 112 पुलिस आपातकालीन सेवा 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1090 वीमेन पावर लाइन 102 स्वास्थ्य सेवा 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन 181 महिला हेल्पलाइन की जानकारी दी गई टीमों ने विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड एवं उनसे बचाव के तरीकों के बारे में बताया गया तथा महिला हेल्पडेस्क, साइबर हेल्पडेस्क, एंटी रोमियो स्क्वाड एवं थाना सीयूजी नंबर की जानकारी देकर महिलाओं को आत्मरक्षा व जागरूकता के प्रति प्रेरित किया।जनपद कौशाम्बी पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु जन-जागरूकता अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है।



## सम्पादकीय

# तेजस्वी के नाम पर मुहर, देर आए, दुरुस्त आए

**बिहार** की सियासत में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण पड़ाव आया है। तेजस्वी यादव अब बाकायदा महागठबंधन की तरफ से मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित कर दिए गए हैं। बुधवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत और बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लवरू की तेजस्वी यादव से खास मुलाकात हुई, इसमें लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी भी मौजूद थे, तभी तय हो गया था कि अब महागठबंधन में मुख्यमंत्री चेहरा घोषित कर दिया जाएगा। इस मुलाकात के बाद यह भी साफ हो गया कि महागठबंधन बिखर गया है। बीते कई दिनों से एनडीए के नेता लगातार ये बयान दिए जा रहे हैं कि जो लोग अपने गठबंधन को नहीं संभाल पाए, वो राज्य क्या संभालेंगे। दरअसल कांग्रेस, आरजेडी समेत महागठबंधन के ही तमाम लोगों ने यह मौका एनडीए को दिया कि वह उनके मामूली मतभेदों को बढ़ा-चढ़ा कर पेश करे। महागठबंधन ने सीट बंटवारे का कोई ऐलान नहीं किया, कुछ सीटों पर राजद और कांग्रेस के प्रत्याशी दोनों ही उतार दिए गए तो कुछ पर वामदलों के साथ कांग्रेस के मुकाबले की संभावनाएं बनीं। जनअधिकार पार्टी के नेता और सांसद पप्पू यादव खुलेआम कांग्रेस का साथ देते हैं और उनका दावा है कि बिहार में राहुल गांधी बनाम नरेन्द्र मोदी का चुनाव है। पप्पू यादव ने लालू प्रसाद को अभिभावक बताते हुए यह अपील भी कर दी कि जो कांग्रेस की सीटें हैं, वहां राजद के प्रत्याशी न उतारे जाएं। बेशक ऐसा ही होना चाहिए लेकिन पप्पू यादव के इस तरह सार्वजनिक तौर पर बयान देने से बनी हुई बात भी बिगड़ सकती है। कांग्रेस और राजद दोनों ही दलों को अपने कार्यकताओं और नेताओं को सख्त हिदायत देनी चाहिए कि पार्टी लाइन से हटकर कुछ न कहें और खासकर गठबंधन के लोगों के बारे में बिना अधिकृत हुए बयान न दें।

महागठबंधन को यह समझना चाहिए कि उसका मुकाबला केवल दूसरे गठबंधन से नहीं है। बल्कि उस एनडीए से है, जिसका नेतृत्व भाजपा कर रही है। केंद्र से लेकर राज्य की सत्ता उसके हाथ में है। संसाधनों के मामले में वह महागठबंधन से काफी ज्यादा मजबूत है। सारी केन्द्रीय एजेंसियां उसके अधीन हैं और जनसुराज पार्टी, बसपा, एआईएमआईएम जैसे दल भी किसी न किसी तरह भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए ही मैदान में उतरते हैं। ऐसे में महागठबंधन के पास अपनी भावी रुपरेखा दिखाने के अलावा और कुछ खास नहीं बचता है, जिसके आधार पर वह जनता को अपने साथ करे। जनता भी बदलाव चाहती है, लेकिन उसके लिए सामने बेहतर विकल्प होना चाहिए। अगर आपस में ही सारे दल लड़ेंगे तो फिर नुकसान ही होगा। 2019 के चुनाव इसका उदाहरण हैं, जिसमें विपक्ष की एकता कायम नहीं हो पाई। लेकिन 2024 के चुनाव में सब एक साथ टिके रहे तो हालात बेहतर हुए। झारखंड चुनाव में भी कांग्रेस और जेएमएम के साथ लड़ने का फायदा मिला, हालांकि अंदरूनी टकराव वहां भी रहा, फिर भी भाजपा हार गई। अब जेएमएम के लिए एक भी सीट न छोड़कर इंडिया गठबंधन ने उसे नाराज कर दिया है। अगर किसी घटक दल को सीट बंटवारे से बाहर रखना है।

# इतिहास में हुए भांति-भांति के रत्न और आभूषण चोर

**अंजन रॉय**

**चोरी** हुई वस्तुएं दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित आभूषणों की सूची में शामिल होंगी, जिनकी कीमत न केवल लाखों में है, बल्कि नवीनतम अनुमान लगभग 10.2 करोड़ डॉलर है। लेकिन ये अपूरणीय ऐतिहासिक कृतियां होंगी। ये आभूषण उन्नीसवीं सदी में फ्रांसीसी राजघरानों द्वारा पहने जाते थे, जब फ्रांसीसी अभिजात वर्ग और कुलीन वर्ग अपने वैभव और शक्ति के शिखर पर थे। दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित संग्रहालयों में से एक, पेरिस स्थित लूव्र, चोरों के एक संगठित गिरोह द्वारा लूट लिया गया है, जो उन्नीसवीं सदी के फ्रांस के अमूल्य मुकुट रत्न लेकर भाग निकले। चोरी हुई वस्तुएं दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित आभूषणों की सूची में शामिल होंगी, जिनकी कीमत न केवल लाखों में है, बल्कि नवीनतम अनुमान लगभग 10.2 करोड़ डॉलर है। लेकिन ये अपूरणीय ऐतिहासिक कृतियां होंगी। ये आभूषण उन्नीसवीं सदी में फ्रांसीसी राजघरानों द्वारा पहने जाते थे, जब फ्रांसीसी अभिजात वर्ग और कुलीन वर्ग अपने वैभव और शक्ति के शिखर पर थे। हीरे और पन्ने जड़े, यूरोप के प्रमुख आभूषण निमार्ताओं की जटिल कारीगरी के साथ, ये अपने समय की सुंदरता और वर्तमान समय में एक आश्चर्य थे। अब, एक काल्पनिक प्रश्न पर विचार करें। यदि कुछ धनी भारतीय– और अब ऐसे बहुत से लोग हैं – चोरों से ये आभूषण खरीदने की पेशकश करते हैं, बशर्ते कि ये 0.01प्रतिशत भी क्षतिग्रस्त न हों, तो क्या यह एक आपराधिक कृत्य होगा? धनी भारतीय इन्हें खरीदकर किसी भारतीय संग्रहालय में प्रदर्शन के लिए दान करने के बारे में भी सोच सकते हैं। क्या इसमें कोई बुराई है? क्या इन भारतीयों पर कानून तोड़ने का मुकदमा चलाया जाना चाहिए? उदाहरणों के आधार पर, और यह सामान्य कानून में एक वैध कारण है, कहा जा सकता है कि अंग्रेजों ने सदियों से भारत से अनगिनत कलाकृतियां और खजाने चुराए हैं। इसी तरह फ्रांसीसियों ने भी अपने कई उपनिवेशों को लूटा है। जर्मनों के पास तुर्की से अतुलनीय रूप से मूल्यवान कलाकृतियां हैं। फिर अमेरिकियों के पास भी, उनके धनी लोगों द्वारा खरीदी गई और अब विश्व प्रसिद्ध संग्रहालयों को दान की गई ढेर सारी कलाकृतियां हैं। क्या अब इन संग्रहालयों पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए? यहां तक कि एक जीवित इंसान– एक अश्वेत व्यक्ति– का भी अपहरण कर लिया गया और उसे पश्चिम के एक संग्रहालय में पिंजरे में बंद करके प्रदर्शन के लिए रखा गया। उस व्यक्ति के परिवार को दिए गए मुआवजे के बारे में क्या? खैर, फ्रांस के आभूषण चोरों ने जिस तरह से अपनी चोरी को अंजाम दिया, उससे फ्रांसीसी पुलिस और सुरक्षा तंत्र को सार्वजनिक रूप से शर्मिंदगी उठानी पड़ी। यह रात के अंधेरे में नहीं, बल्कि सुबह संग्रहालय खुलने के आधे घंटे के भीतर, फ्रांस की राजधानी के सबसे व्यस्त इलाकों में से एक में हुआ। हालांकि, कुछ संयोग भी हुए। अपनी जल्दबाजी या लापरवाही में, चोरों ने नेपोलियन तृतीय की पत्नी, महारानी यूजिनी का एक बेजोड़ मुकुट गिरा दिया, जो सड़क पर पड़ा मिला। इस मुकुट में 1350 से ज्यादा हीरे और कम से कम 57 पन्ने जड़े हैं। यह कोई गुप्त मामला नहीं था, बल्कि दिन के उजाले में एक प्रमुख सड़क- मध्य पेरिस के क्वाई फ्रैंक्वा मिटरैंड - पर अंजाम दिया गया था, जहां ऊपरी मंजिल के उस कक्ष तक पहुंचने के लिए लूव्र की दीवारों के



सहारे एक विशाल सीढ़ी लगाई गई थी जहां आभूषण प्रदर्शित थे। इस चोरी के बारे में पूरे यूरोप और प्रमुख आभूषण विक्रेताओं को चेतावनी भरे संदेश भेजे गए हैं ताकि इन अमूल्य कलाकृतियों के व्यापार का जल्द पता लगाया जा सके। हालांकि, जिस कुशलता से पूरी चोरी को अंजाम दिया गया था, उससे इस बात में कोई संदेह नहीं है कि चोर बेहद सतर्क रहे होंगे। एक दुस्साहसिक डकैती में, चोरों ने संग्रहालय की पहली मंजिल की खिड़की तक पहुंचने के लिए एक ट्रक पर चढ़ी सीढ़ी का इस्तेमाल किया और बिजली से चलने वाले कटर से एक खिड़की काटकर प्रवेश किया। फिर वे व्यवस्थित रूप से एक गैलरी से होते हुए उस कक्ष में पहुंचे जहां रत्न प्रदर्शित थे। यह दुःसाहसिक डकैती शर्लोक होम्स को बहुत पसंद आती अगर लूव्र चोरी का मामला 20वीं सदी के शुरूआती लंदन में 221 बी बेकर स्ट्रीट पर उनके सामने आता, जहां मेरे प्रिय वॉटसन बैठे होते। दुर्भाग्य से, यह एक सदी से भी ज्यादा समय बाद हुआ और अब केवल शर्लोक होम्स सोसाइटी ही अपने आंतरिक सत्रों में सक्रिय हो पाई है। होम्स के जमाने के विपरीत, जब टीवी पत्रकारिता का दौर नहीं था, कई यूरोपीय और अमेरिकी टीवी चैनल पूर्व रत्न चोरों से बात कर रहे हैं और अपनी विशेषज्ञ राय दे रहे हैं। वे इस पूरी परियोजना को अंजाम देने की योजना बनाने वाले विशेषज्ञों की सराहना तो करते हैं, लेकिन साथ ही कई गलतियों और दुस्साहसों की ओर भी इशारा करते हैं जिनकी वजह से चोरों को पकड़ा जा सकता है। वे एक मोटरसाइकिल छोड़ गए हैं जिसे चोरों ने शायद आग लगाने की कोशिश की थी। खोए हुए रत्नों में नेपोलियन तृतीय की रानी, रानी यूजिनी और अन्य फ्रांसीसी राजघरानों के रत्न शामिल हैं। खोए हुए रत्न मुख्यतः हीरे जड़ित हैं जिनके बीच में पन्ना जड़ा है। संग्रहालय और विशेषज्ञों का मानना है कि इनके मिलने की उम्मीद लगभग न के बराबर है। आभूषणों को तोड़ना, फिर कीमती धातुओं को पिघलाकर रत्न निकालना आसान है। इसके बाद, अगर इन्हें बिक्री के लिए पेश किया जाए, तो इन चोरी हुए रत्नों को पहचानना मुश्किल हो सकता है। आज के भारत के नवधनाढ्यों के जुनून को देखते हुए, इनमें से कुछ रत्न हवाला या पूरी तरह से गुप्त भूमिगत चैनलों के जरिए देश में आ सकते हैं। जयपुर आभूषण निर्माण कला का एक प्रमुख केंद्र होने के कारण, यहां अनजाने में भी इनमें से कुछ को नया जीवन मिलता है। प्रसिद्ध आभूषणों और रत्नों में अजीबोगरीब तरीकों से नया जीवन पाने की आदत होती है। कोहिनूर, जिसके बारे में ज्ञात है कि यह गोलकोंडा की एक खदान में पाया गया था, विभिन्न अवतारों से गुजरते हुए पंजाब के राजा महाराजा रणजीत सिंह के पास पहुंचा। यह तब तक अपना निवास स्थान बदलता रहा जब तक कि मूल रत्न को महारानी विक्टोरिया के पति, अंग्रेज राजकुमार कॉन्सर्ट अल्बर्ट ने अपूरणीय क्षति नहीं पहुंचा दी। एंटवर्प के रत्न काटने और चमकाने वाले कच्चे कारीगरों ने मूल रत्न को इतना विकृत कर दिया था कि ब्रिटेन में बंदी बनाए गए महाराजा रणजीत सिंह के वंशज दलीप सिंह ने, जब उन्हें इसे एक स्मृति चिन्ह के रूप में रखने का प्रस्ताव दिया गया, तो उन्होंने तिरस्कारपूर्वक रत्न को ब्रिटिश राजघराने को वापस कर दिया। दलीप सिंह की घृणा के बाद से, कोहिनूर ब्रिटिश राजघराने के राजमुकुट संग्रह में रहा और लंदन टॉवर के एक भूमिगत तहखाने में सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया गया - यह रणजीत सिंह के शाही परिवार से चुराया गया एक रत्न था।

# गांधी का 'हिंद स्वराज' : उथल-पुथल में उपयोगी ?

**प्रेरणा**

**गांधीजी** ने अपने आखिरी वसीयतनामा में साफ लिखा है किः राज्यशक्ति हमेशा दमनकारी होती है। यदि राज्य, सत्ता के पीछे पागलों की तरह भागेगा, तो एक दिन जनता और राज्य आमने-सामने खड़े होंगे। ऐसी स्थिति में जनता को चाहिए कि वह अपनी संप्रभुता अपने हाथों में रखे, ग्रामस्वराज्य बनाए और सत्ता के अन्यायपूर्ण आदेशों का अहिंसक असहयोग से सामना करे। हाल ही में मैं दक्षिण कोरिया में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय शांति सम्मेलन में शामिल हुई थी। वहां एक कोरियाई प्रोफेसर 'ली' ने अखबार की कतरनों के आधार पर बताया था कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की खबरों ने कैसे कोरिया की स्वतंत्रता के प्रयासों को दिशा दी थी। सेंसरशिप की वजह से तब वे लोग अपने मुद्दों को सीधे नहीं उठा पाते थे, लेकिन भारत के संघर्ष का जिक्र करते हुए वे अप्रत्यक्ष रूप से अपनी आवाज बुलंद करते थे। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी केवल भारत की आजादी के कारण ही विश्व प्रसिद्ध नहीं हुए, बल्कि इसलिए भी हुए कि उन्होंने आम लोगों को स्वराज का रास्ता दिखाया और अपनी लड़ाई स्वयं लड़ने का प्रभावी तरीका भी सिखाया।

दुनिया भर में लोकतंत्र के प्रयोगों का इतिहास दो-ढाई सौ सालों का है। इसमें सभी नागरिकों को, बिना किसी भेदभाव के मताधिकार का अधिकार नया प्रयोग है। अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका में काले नागरिकों को मताधिकार, कनाडा में आदिवासियों को मताधिकार, स्विटजरलैंड में महिलाओं को मताधिकार का प्रयोग कुल 50-60 साल पुराना ही है। भारत को यह गौरव हासिल है कि हमने 'एक नागरिक-एक वोट' का अधिकार, बगैर किसी भेद-भाव के एक साथ सबको दिया। हमारे नागरिकों को इसके लिए अलग से कोई लड़ाई नहीं लड़नी पड़ी।

आज जिस तरह के जितने राजनीतिक आंदोलन सारी दुनिया में चल रहे हैं, वैसे व उतने पहले कभी एक साथ चले हों, ऐसा नहीं लगता। 20वीं सदी में भी कई दौर आए, जब दुनिया उबल पड़ी थी। सन्‌ 1940-50 के दशक में उपनिवेशवाद के खिलाफ संघर्ष हुए; 1960 के दशक में छात्रों और नागरिक अधिकारों के आंदोलन उठे; 1990 के आसपास 'सोवियत संघ' के विघटन और दक्षिण अफ्रीका में 'रंगभेद विरोधी आंदोलन' ने इतिहास बदला। 2010 के दशक में अरब देशों में तानाशाही के खिलाफ 'जैस्मिन क्रांति' फैली, लेकिन 2020 के आसपास



शुरू हुई लहर कुछ अलग ही है। यह अधिक व्यापक और एक साथ कई देशों में फैल चुकी है। एक अध्ययन के अनुसार इस समय दुनिया के कम-से-कम 20-22 देशों में बड़े और दीर्घकालिक जन-आंदोलन चल रहे हैं।

नेपाल की जनता ने हाल ही में अपनी ही सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया। इससे पहले, 2022 में श्रीलंका के राष्ट्रपति भी अपनी ही जनता के दबाव में देश छोड़कर भागे थे। 2024 में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री को भी पद छोड़कर भागना पड़ा और भारत में शरण लेना पड़ा। इसी सप्ताह अपनी ही सरकार के फैसलों का प्रतिवाद करने इंग्लैंड की सड़कों पर लाखों लोग उतरे। रूस और यूक्रेन आपस में लड़ रहे हैं, लेकिन जानने वाले जानते हैं कि वहां भी सरकारों से लोग असहमत हैं और रास्ते पर हैं। फ्रांस और अर्जेंटीना में बड़े पैमाने पर आंदोलन चल रहे हैं। ईरान में महिलाएं आवाज उठा रही हैं। सब तरफ जनता व जनता की चुनी सरकारों के बीच खाई बढ़ती जा रही है। दुनिया में जो हो रहा है वह बताता है कि लोकतंत्र में कुछ नया घट रहा है। यदि गहराई से जांच की जाए तो इन सब पर महात्मा गांधी का प्रभाव दीखता है।

30 जनवरी 1948 को गोडसे द्वारा हत्या से ठीक एक दिन पहले गांधीजी ने एक दस्तावेज लिखा था। आजादी के बाद वे क्या व किस तरह करेंगे, उसका खाका उन्होंने उस दस्तावेज में खींचा था। उन्होंने 4 फरवरी 1948 को वर्धा के 'सेवाग्राम आश्रम' में एक विशेष बैठक बुलाई थी जिसमें वे अपने खास साथियों के साथ उस योजना की पक्की रूपरेखा बनाने वाले थे, लेकिन वह बैठक हो न सकी। कुछ मूर्ख हिंदू आतंकवादियों ने मिलकर एक क्रांतिकारी संभावना का खून कर दिया, पर वह कैसी क्रांतिकारी संभावना जो एक मनुष्य की हत्या के साथ खत्म हो जाए? मूर्ख ऐसी बारीक बातें समझ पाते तो वे भला मूर्ख क्यों कहलाते! गांधीजी ने अपने आखिरी वसीयतनामा में साफ लिखा है किः राज्यशक्ति हमेशा दमनकारी होती है। यदि राज्य, सत्ता के पीछे पागलों की तरह भागेगा, तो एक दिन जनता और राज्य आमने-सामने खड़े होंगे। ऐसी स्थिति में जनता को चाहिए कि वह अपनी संप्रभुता अपने हाथों में रखे, ग्रामस्वराज्य बनाए और सत्ता के अन्यायपूर्ण आदेशों का अहिंसक असहयोग से सामना करे। इस सोच की जड़ें 'हिंद स्वराज' (1909) पुस्तिका में मिलती हैं जिसमें गांधीजी ने संसदीय लोकतंत्र को 'वेश्या' तक कहा था, जो कभी एक मालिक, कभी दूसरे मालिक के आधीन रहती है और जनता की सच्ची प्रतिनिधि नहीं होती। उनके अनुसार हर संसद वकीलों, उद्योगपतियों और पूंजीपतियों के दबाव में ही काम करती है। पिछले 40-50 वर्षों के आंदोलनों को इस दृष्टि से देखें तो स्पष्ट है कि जनता की ताकत पहले से कहीं अधिक बढ़ी है। सरकार वामपंथी हो या दक्षिणपंथी, जनता का विश्वास टूटता है तो अब लोग सड़कों पर उतरकर प्रतिकार करते हैं। कहीं वे घुसपैठियों के खिलाफ खड़े होते हैं तो कहीं लोकतंत्र की रक्षा के लिए कमर कसते हैं। एक बात सब दूर नजर आती है कि लोकतंत्र अपने मौजूदा स्वरूप में जनता की अपेक्षाएं पूरी नहीं कर पा रहा है। सरकारें उद्योगपतियों और प्रभावशाली तबकों के लिए काम करती हैं। इसके पीछे एक बड़ा कारण है, अतिकेंद्रित पूंजी का वैश्विक मॉडल! दूसरे विश्वयुद्ध के बाद सारी दुनिया में फिर एक बार आर्थिक ढांचा ऐसा बनाया गया कि ताकत उन्हीं के हाथों में रहे जो पहले से ताकतवर थे। मुक्त व्यापार, वैश्वीकरण, विकास, बाजार, संविधान, न्यायपालिका, शिक्षा व्यवस्था, सामाजिक मूल्य और नैतिकता– ये सब उसी एक ढांचे के कल-पुर्जे हैं। गांधीजी ने इसे 'शैतानी सभ्यता' कहा था, जो डर और लालच पर टिकी है, मानवीय मूल्यों पर नहीं। स्वतंत्रता, समानता, मजदूर एकता जैसे आदर्श जरूर बताए गए, लेकिन केंद्रित पूंजी का आधुनिक आर्थिक ढांचा ऐसा है ही नहीं कि वह मनुष्य को ऊंचे आदर्शों की तरफ प्रेरित कर सके। गांधीजी इन सबके बीच एक अपवाद-से दिखाई देते हैं। उन्होंने अपने विचारों और प्रयोगों के माध्यम से न केवल अफ्रीका में, बल्कि यूरोप और एशिया के महाद्वीपों में भी सत्य के प्रयोग किए। यह गांधीजी की सीख ही है जिससे प्रेरित होकर दुनिया के कोने-कोने में लोग सवाल पूछने लगे हैं कि धरती अगर एक घर है तो इस घर में रहने वाली और आगे आने वाली पीढ़ियों का बराबर का अधिकार क्यों नहीं है? अगर शक्तिशाली लोग कमजोरों का हक छीनते हैं तो कमजोरों के पास कौन-सा हथियार है जिसके बल पर वे मुकाबला कर सकें? गांधीजी ने अपने सत्याग्रहों द्वारा यह सिद्ध कर दिखाया कि संपूर्ण एकता, अहिंसा, सत्याग्रह, असहकार आदि ऐसे हथियार हैं जिनसे कैसे भी लाइलाज मर्ज का उपचार किया जा सकता है। संगठित-सक्रिय नागरिक एक कमजोर भीड़ नहीं, बल्कि जादुई जिन्न है जो एक बार बाहर आ गया तो आसानी से फिर चिराग में वापस नहीं जाएगा। इसलिए दुनिया भर के सत्ताधीश अपनी जनता से सावधान रहते हैं, कानून और संविधान का डंडा सबसे ज्यादा अपने नागरिकों पर चलाते हैं। दूसरी तरफ, परिवर्तन की चाह रखने वाली जनता को भी अच्छी तरह समझने की जरूरत है कि क्रांति कोई अचानक से घट जाने वाली घटना नहीं, बल्कि एक सतत, संपूर्ण प्रक्रिया है। चार बातों को गांठ बांध लेंः एक, नागरिकों को एक होकर शांतिमय आंदोलन दृढ़तापूर्वक चलाना है; दो, आंदोलन की लगाम आंदोलन करने वालों के हाथ में रहे; तीन, आंदोलन के नेताओं पर भी आम जनता का नियंत्रण रहे; चार, आंदोलन का लक्ष्य साफ हो तथा सभी उसी दिशा में अनुशासन के साथ बढ़ें। ये चार बातें चालीस रास्ते खोल देंगी।

# क्या नक्सलवाद का यह समाधान आधा-अधूरा है

**अरविन्द मोहन**

**देश** के अंदर किसी भी व्यक्ति या संगठन की ताकत शासन और व्यवस्था को चुनौती देने वाली नहीं होनी चाहिए। और अगर किसी इलाके में वीरप्पन का तो कहीं किसी नक्सल समूह या संविधान में आस्था न रखने वाले अलगाववादी समूह का 'राज' चलता रहा है तो वह या तो शासन की कमजोरी थी या उसकी तरफ से ढील का उदाहरण। कई बार लोकतान्त्रिक शासन में इस तरह के ढील की भी जरूरत होती है और समय तथा अवसर देखकर उस नाराजगी को संभाल लिया जाता है। लेकिन साठ के दशक के अंत से कम्युनिष्ट आंदोलन का एक समूह हथियारबंद क्रांति करके सत्ता छीनने और कम्युनिष्ट राज कायम करने के सपने के साथ निरंतर सक्रिय है।

आम तौर पर आलोचना का शिकार बनने वाला गृह मंत्रालय अगर नक्सल समस्या को निपटाने की अपनी ताजा मुहिम के चलते तारीफ पा रहा है तो वह और उसके निर्देश पर काम करने वाली सुरक्षा एजेंसियों के लोगों को इसका श्रेय दिया जाना चाहिए। अभी गृह मंत्रालय द्वारा तय डेडलाइन आने में पाँच-छह महीने का वक्त है और नक्सल प्रभाव वाले इलाकों में उल्लेखनीय कमी आ गई है। नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 18 से घटकर 11 होना इस कमी को ढंग से नहीं बताता क्योंकि अब उन 11 जिलों में भी उनका दम काफी कम रहा गया है और उनका कैडर मैदान छोड़ने की ऊहापोह वाली अवस्था में है या मारा गया है। सरकार ने सख्ती के बाद सरेंडर का सही विकल्प रखा तो शीर्ष नेतृत्व समेत बड़ी संख्या में हथियारबंद कैडर ने आत्मसमर्पण किया। यह अनुमान है कि हाल में मारे गए या समर्पण वाले नेताओं के अलग होने के बाद भाकपा (माओवादी) के पॉलित ब्यूरो के सिर्फ तीन ही सदस्य बच गए हैं जिनमें एक उम्र और बीमारी के चलते निष्क्रिय हैं। केन्द्रीय समिति के भी आठ या नौ सदस्य ही सक्रिय हैं। कभी पॉलिट ब्यूरो में एक दर्जन से ज्यादा सदस्य थे और सेंट्रल कमेटी में 40 से 45.

देश के अंदर किसी भी व्यक्ति या संगठन की ताकत शासन और व्यवस्था को चुनौती देने वाली नहीं होनी चाहिए। और अगर किसी इलाके में वीरप्पन का तो कहीं किसी नक्सल समूह या संविधान में



आस्था न रखने वाले अलगाववादी समूह का 'राज' चलता रहा है तो वह या तो शासन की कमजोरी थी या उसकी तरफ से ढील का उदाहरण। कई बार लोकतान्त्रिक शासन में इस तरह के ढील की भी जरूरत होती है और समय तथा अवसर देखकर उस नाराजगी को संभाल लिया जाता है। लेकिन साठ के दशक के अंत से कम्युनिष्ट आंदोलन का एक समूह हथियारबंद क्रांति करके सत्ता छीनने और कम्युनिष्ट राज कायम करने के सपने के साथ निरंतर सक्रिय है। इसमें भी टूट-फुट हुई और बिखराव आया लेकिन नेपाल से लेकर दक्षिण तक के आदिवासी और वन प्रदेशों वाली पट्टी से बने दंडकारण्य (काल्पनिक) वाले इलाके में नक्सली समूह जमे रहे हैं। बिहार, बंगाल, असम, ऑडिसा, छतीसगढ़, आंध्र, महाराष्ट्र के साथ ही पूर्वोत्तर और उत्तर प्रदेश के कुछ इलाके इनके प्रभाव में थे। यहां की दरिद्रता और लूट उनके लिए आधार बनाने का काम करते हैं तो गहरे गहने जंगल और फौज-सेना की आवाजाही के लिए मुश्किल भौगोलिक बनावट हथियारबंद दस्तों के छुपने और काम करने का।

अब यहां ज्यादा विस्तार से चर्चा का मतलब नहीं है कि हिंसा के सहारे राज्य सत्ता हासिल करने का जो सपना हमारे नक्सली समूह देखते और दिखाते रहे हैं वह एक असंभव ही स्थिति है। भारत जैसे विशाल और विविधताओं भरे समाज में इस तरह से सत्ता हासिल करना मुश्किल है। इससे भी बड़ी बात यह है की वे जिस विकास और स्वर्ग की कल्पना करते रहे हैं उसका भी रूप दुनिया ने देखा और विदा किया है। समाज और मनुष्य जाति के बुनियादी स्वभाव से भी इस तरह की क्रांति का रास्ता मुश्किल है। और फिर जिस विकास की वे कल्पना करते रहे हैं वह खुद से समानता पर आधारित नहीं है। पार्टी संगठन से लेकर शासन का स्वरूप और कारपोरेट विकास के माडल में एक निश्चित श्रेणीबद्धता है और उसके बगैर काम नहीं चलता। फिर हमारे नक्सली समूहों को गाँव में या जंगल के इलाके में मुश्किल से अपना गुजर करने वाले 'जमींदार; और 'महाजन' तो वर्ग शत्रु दिखते थे लेकिन शहरी अमीर और कारपोरेट घरानों की पूंजी और ताकत दिखाई नहीं देती थी। बल्कि की जंगली इलाकों में यह भी सुना गया कि बड़े कारपोरेट हाउस वाले अपने वहां के प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने के लिए कंपनियों से नियमित रकम दे करके उनको काम करने देते थे और इस प्रकार उसी पूंजी से समाजवादी क्रांति करने का सपना देखते थे।

और इन सब 'गलतियों' या दिग्भ्रम के बावजूद वे किस तरह बड़ी संख्या में लड़के=लड़कियों को अपने रास्ते को अपनाने के लिए राजी करते थे, इतना जोखिम उठाने को प्रेरित करते थे और एक के मरने पर अनेक के खड़ा हो जाने का चमत्कार करते थे यह जानना मुश्किल नहीं है। इसका एक कारण तो देश और समाज में गरीबी और बदहाली के स्थायी ठिकाने बनना है जो इलाका से लेकर सामाजिक समूहों में दिखाता है। जाति के सवाल को ऊपर न करने वाले नक्सली समूहों में ज्यादातर कैडर दलित, आदिवासी और पिछड़ी जातियों से आता था क्योंकि वे पीढ़ी दर पीढ़ी दरिद्रता और अपमान का जीवन जीते आये हैं। दूसरा कारण स्थापित दलों और सरकारों का रवैया रहा है जिनके लिए समाज के ऐसे समूह सिर्फ वोट के समय याद आते हैं। सारी नीतियां और कार्यक्रमों का झुकाव शहरों और पैसेवालों की तरफ रहा है। और कई बार न्यस्त स्वार्थ, लोकतंत्र या मानवाधिकार के नाम पर कुछ ढील बरती जाती रही है। इस बार वह नहीं दिख रहा है। इसलिए गिनाने लायक सफलता दिखती है।

# धर्मनगरी चित्रकूट से रवाना हुई राम वन गमन भारत गौरव यात्रा

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** प्रसिद्ध कथावाचक मोरारी बापू ने मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल और आईआरसीटीसी के अधिकारियों की उपस्थिति में शनिवार को राम यात्रा का हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया। यह यात्रा भगवान राम के वनवास से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों तक रेल मार्गों और हवाई मार्गों से पूरी की जाएगी। यह यात्रा चित्रकूट से प्रारंभ होकर रामेश्वरम तक ट्रेन से की जाएगी। इसके बाद रामेश्वरम से श्रीलंका और श्रीलंका से अयोध्या तक हवाई जहाज के माध्यम से भगवान श्रीराम के पदचिन्हों का अनुसरण करेगी। इसके साथ ही सभी स्थलों पर श्रीराम कथा का भी आयोजन किया जाएगा।

यात्रा के शुभारंभ अवसर पर मोरारी बापू ने कहा कि भगवान श्रीराम वनवास के दौरान जिस मार्ग से गए थे, उसे राम वन गमन पथ या राम यात्रा के नाम से जाना जाता है। यह यात्रा सांसारिक मोह-माया से ऊपर उठने, नैतिक निष्ठा बनाए रखने और बुराइयों पर विजय पाने की प्रेरणा देती है। कहा कि इस पवित्र यात्रा में सभी को ईर्ष्या, घृणा और निंदा को पीछे छोड़ देना चाहिए और अपने साथ सत्य, प्रेम और करुणा लेकर चलना चाहिए। यात्रा के प्रथम दिन मोरारी बापू सहित सभी श्रद्धालु रेलवे स्टेशन से धर्मनगरी स्थित अत्रि मुनि आश्रम के लिए रवाना हुए। जहाँ मोरारी बापू ने इस यात्रा की पहली श्रीराम कथा सुनाई।

राम यात्रा की प्रथम कथा में मोरारी बापू ने बताया कि यह स्थान बहुत महत्व रखता है क्योंकि भगवान राम, लक्ष्मण और सीता का वनवास के दौरान महर्षि अत्रि और महासती अनसूया के आश्रम में श्रद्धा के साथ स्वागत किया गया था। अत्रि मुनि ने श्रीराम के दिव्य स्वरूप को पहचाना और उनका स्तुति गान किया। वहीं महासती अनसूया ने सीता को नारी धर्म, एक समर्पित पत्नी के कर्तव्यों का उपदेश दिया तथा उन्हें ऐसे आभूषण दिए, जिनकी चमक कभी भी कम नहीं होती। कथा समाप्त होने के बाद सभी श्रद्धालु यात्री पुनः राम यात्रा ट्रेन में वापस चले गए, जो चित्रकूट रेलवे स्टेशन से अगले स्थल के लिए रवाना हुई।

यह यात्रा 11 दिनों में पूरी होगी और 8,000 किलोमीटर से ज्यादा लंबा सफर तय करेगी। इस यात्रा के लिए ट्रेन में कुल 22 कोच लगे हैं, जिनमें कुल 411 श्रद्धालु यात्रा कर रहे हैं। इस ट्रेन को राम वनगमन यात्रा के प्रतीक के रूप में विशेष रूप से सजाया गया है। प्रत्येक कोच का नाम यात्रा के गंतव्य के नाम पर रखा गया है। इस यात्रा के दौरान भारत और श्रीलंका के विभिन्न आध्यात्मिक स्थलों पर 9 श्रीराम कथाओं का वाचन होगा। प्रत्येक गंतव्य स्थल पर भक्तों के लिए विशाल पंडाल लगाए जाएँगे। श्रीराम कथा में प्रत्येक वर्ग का व्यक्ति हिस्सा ले सकेगा। प्रत्येक स्थल पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रतिदिन प्रसाद के रूप में भोजन परोसा जाएगा। मदन पालीवाल के संतकृपा सनातन संस्थान द्वारा आयोजित यह यात्रा विभिन्न स्थलों से होते हुए आगामी चार नवंबर को अयोध्या में समाप्त होगी। सत्य, प्रेम और करुणा के शाश्वत मूल्यों पर आधारित यह राम यात्रा श्रीरामचरितमानस की शिक्षाओं के प्रसार तथा मानवता के आध्यात्मिक ताने-बाने को मजबूत करने के सतत मिशन को दर्शाती है।

## सरदार पटेल जयंती पर भाजपा करेगी रन फार यूनिटी का आयोजन

अखंड भारत संदेश




**चित्रकूट।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म जयंती के अवसर पर आगामी 31 अक्टूबर को होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर शनिवार को भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों द्वारा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में विधान परिषद सदस्य जितेन्द्र सेंगर ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर को रन फार यूनिटी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाने व समाज के प्रति जिम्मेदारी और एकता की भावना को जागाने के लिए पद यात्राएं आयोजित की जाएंगी। जिला प्रभारी अनिल यादव ने कहा कि सरदार पटेल की पर होने वाले राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में एकता, देशभक्ति और कर्तव्य की भावना को जागृत करना है। कहा कि सरदार पटेल ने जिस तरह बिखरे हुए भारत को एक बनाया, उसी भावना को यह पद यात्रा आगे बढ़ाएगी।

जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने बताया कि सरदार पटेल की जन्म जयंती पर सभी जनपदों में पदयात्राओं का आयोजन किया जाना है। पदयात्रा से स्थानीय लोगों में एकता की भावना जगाने के लिए इनमें विद्यार्थी भी सहभागिता करेंगे। जिला महामंत्री आलोक पांडेय ने कहा कि सरदार पटेल आधुनिक भारत के शिल्पकार है। एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं आत्मनिर्भर भारत का संकल्प ही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि है।

इस मौके पर पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व विधायक आनंद शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, दिनेश तिवारी, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना उपाध्याय, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, शिवशंकर सिंह, जिला महामंत्री राजेश जायसवाल, विपुल प्रताप सिंह, बृजेश पाण्डेय, मनोज तिवारी, हीरो मिश्रा, रवि गुप्ता, दिव्या त्रिपाठी, प्रेमलाल बाल्मीकि, लवलेश निषाद, सोनू खंगार, राजेश्वरी द्विवेदी, रामप्रताप सिंह, प्रमोद पटेल आदि मौजूद रहे।

## गुरु पादुका पूजन के साथ हुआ 116वें तारा नेत्रयज्ञ का शुभारम्भ

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** धर्मनगरी स्थित श्री सदगुरू नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड में शनिवार को कार्तिक शुक्ल चतुर्थी के अवसर पर 116वें तारा नेत्रयज्ञ का शुभारम्भ गुरु पादुका पूजन के साथ किया गया। वर्ष 1950 में धर्मगनरी के प्रमोदवन में संत रणछोड़दास महराज द्वारा प्रथम नेत्रयज्ञ का आयोजन किया गया था। जिसमें मुम्बई से चिकित्सकों एवं कार्यकर्ताओ की टीम आयी थी और कच्चे बैरक और टेंट में 950 मोतियाबिंद के ऑपरेशन किए थे। इसके बाद से लेकर आज तक तारा नेत्रयज्ञ का यह क्रम अनवरत चलता आ रहा है। जिसमें शनिवार को 116वें तारा नेत्रयज्ञ का शुभारंभ ट्रस्ट के ट्रस्टी पद्मश्री डॉ बीके जैन, ऊषा जैन, मिलोनी बेन मुंबई एवं डॉ इलेश जैन द्वारा किया गया। इस दौरान रघुवीर मन्दिर में सदगुरु परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में विधि-विधानपूर्वक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आचार्यों द्वारा गुरु पादुका पूजन किया गया। इसके बाद प्रार्थना भवन में नेत्रयज्ञ का ध्वजारोहण, पूजन एवं उद्घाटन का कार्यक्रम हुआ।



जिसके बाद ऑपरेशन थियेटर में मोतियाबिंद जनित अंधत्व से पीड़ित रोगियों को ऑपरेशन के लिए ले जाया गया। इस मौके पर दमयंती बेन सेक्पाल मुबई, रमा बेन हरियाणी जयपुर सहित अन्य जगहों से आए सदगुरू परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

इस वर्ष को सदगुरू परिवार हीरक जयंती के रूप में मना रहा है। जिसके तहत संत रणछोड़ दास महराज की शिष्या दमयंती बेन और रमा बेन को ट्रस्टी पद्मश्री डॉ बीके जैन, ऊषा जैन, मिलोनी बेन एवं डॉ इलेश जैन ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान ट्रस्ट के प्रथम अध्यक्ष सेठ अरविंद भाई मफत लाल को याद करते हुए पद्मश्री डॉ बीके जैन ने कहा कि उनके द्वारा किया गया काम और सराहनीय है। वह जो वृक्ष तैयार करके गए थे, वह आज झाया देने का काम कर रहे है।

## आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत किया गया महिला सम्मेलन का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** आत्मनिर्भर भारत के संकल्प अभियान के तहत शनिवार को भाजपा महिला मोर्चा द्वारा रैन बसेरा में महिला सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा सरकार की योजनाओं को आम जनता के बीच प्रचारित करने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में नैरनी विधायक ओमममणि वर्मा ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण की ठोस नींव रखी है। जिसका आगाज उज्जवला योजना से हुआ था। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियन के तहत महिलाओं की शिक्षा पर भी जोर दिया जा रहा है। आज महिलाएं आत्मनिर्भर होकर समाज की मुख्य धारा से जुड़ रही है। ऑपरेशन सिन्दूर में विंग कमांडर व्योमिका सिंह व सोफिया कुरैशी जैसी बेटियों ने यह सिद्ध कर दिया कि भारतीय नारी केवल घर तक ही सीमित नहीं, बल्कि विश्व मंच पर भारत का परचम फहरा रही है।

रंजना उपाध्याय ने कहा कि चित्रकूट में माता सती अनुसूया ने तप कर माँ मंदाकिनी को धरती पर उतारा था। ऐसे ही सभी महिलाएं संकल्प लेकर अपने परिवार, समाज और राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाएं। आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी सच होगा, जब महिलाएं आत्मनिर्भर होगी। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष दिव्या त्रिपाठी ने कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। वर्तमान युग नारी नेतृत्व का युग है। आत्मनिर्भर भारत का संकल्प लेकर सभी बहनें भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में अग्रणी भूमिका निभाएंगी।

भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने कहा कि गांव की महिलाएं हों या शहर की, भविष्य में वह सभी क्षेत्र में परचम लहराएंगी। आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा, जब महिलाएं आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त होंगी। जिला मंत्री राजेश्वरी द्विवेदी ने महिलाओं को आत्मविश्वास और एकजुटता के साथ सशक्त होने का संदेश दिया।

जिला महामंत्री विनीता द्विवेदी, सुनीता श्रीवास, जिला उपाध्यक्ष राखी चैबे, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, मीडिया प्रभारी गीता तिवारी, साधना सिंह, सुधा श्रीवास्तव, प्रिया माथुर आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

## समाधान दिवस में किया गया जनसमस्याओं का निस्तारण

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार का जनपद के सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धितों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में थाना पहाड़ी में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें एसपी ने प्राप्त शिकायतों व प्रार्थना पत्रों को शासन की मंशा के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करने के लिए सम्बन्धितों को निर्देशित किया। कहा कि जमीन से सम्बन्धित मामलों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निष्पक्षतापूर्वक निस्तारण कराया जाए। इस मौके पर थानाध्यक्ष पहाड़ी प्रवीण कुमार सिंह, पीआरओ प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे।

इसी प्रकार अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह की अध्यक्षता में कोतवाली कर्वी में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें अपर एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धितों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया। कहा कि समाधान दिवस में सभी प्रार्थना पत्रों का निर्धारित समय सीमा के अंदर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर अपराध निरीक्षक सविता श्रीवास्तव सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## बांदा में प्रेस ट्रस्ट की बैठक संपन्न जिला कार्यकारिणी का विस्तार





**बांदा।** प्रेस ट्रस्ट के बैनर तले प्रेस क्लब भवन बांदा में पत्रकारों की एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक में संगठन के विस्तार पर विस्तृत चर्चा की गई और सर्वसम्मति से नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया।

बैठक में रमाकांत तिवारी को जिलाध्यक्ष, दिलीप द्विवेदी व के.के. गुप्ता को उपाध्यक्ष, अंशु गुप्ता को महासचिव, राजेश तिवारी को संगठन प्रमुख, पंकज शुक्ला को कोषाध्यक्ष तथा शाबाना खान व दिलीप जैन को जिला सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में जिलेभर से जुड़े करीब तीन दर्जन पत्रकारों ने प्रतिभाग किया। उपस्थित पत्रकारों ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, पत्रकार हितों की रक्षा और प्रेस की स्वतंत्रता को बनाए रखने पर जोर दिया।

बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने आपसी समन्वय और निष्पक्ष पत्रकारिता के संकल्प के साथ संगठन को नई दिशा देने का आह्वान किया। बैठक के दौरान अनिल तिवारी राजेश तिवारी निर्मला शुक्ला मदन गुप्ता शैलेंद्र मिश्रा राजेंद्र जितेन्द्र शुभम रघुवंशी सुशील मिश्रा ललित विश्वकर्मा दिलीप जैन सहित तीन दर्जन पत्रकार मौजूद रहे।

## भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के बल्दाऊ गंज में शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। इस दौरान गाजे-बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा में हाथी-घोड़े व भगवान की सजीव झांकी आकर्षण का केंद्र रही। प्रथम दिन कथा वाचक आचार्य अनुराग शास्त्री ने श्रीमद्भागवत के महात्म्य की कथा सुनाई।

कथा यजमान राम आसरे श्रीवास्तव के आवास से शुरू हुई भव्य कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ भ्रमण करते हुए बल्दाऊ मंदिर होते हुए मन्दाकिनी नदी के घाट से जल लेकर कथा स्थल पहुंची। कथा के पहले दिन व्यास आचार्य अनुराग शास्त्री जी महाराज श्रीधाम चित्रकूट ने भागवत कथा के महात्म्य के बारे मे विस्तार से बताया। कहा कि सभी को भक्ति के साथ ज्ञान व वैराग्य को भी धारण करना है। भगवान के नाम की चर्चा करते हुए भगवान के नाम कीर्तन का महत्व बताया। कहा कि कलियुग में भगवान का नाम ही लाभकारी है। कथा व्यवस्थापक अखिलेश श्रीवास्तव व उमेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 26 अक्टूबर को शिव-पार्वती विवाह, 27 अक्टूबर को ध्रुव, भरत, प्रह्लाद चरित्र और वामन अवतार की पवित्र झांकी प्रस्तुत की जाएगी। 28 को सूर्यवंश व चंद्रवंश का निरूपण, श्रीराम जन्मोत्सव एवं चंद्रवंश का वर्णन होगा। 29 को बाल लीला, गोकुल लीला, वृंदावन लीला और गोवर्धन पूजा का आयोजन किया जाएगा। 30 को श्रीकृष्ण की मथुरा गमन, कंस वध, गोपी उत्सव संवाद एवं कृष्ण रुक्मिणी विवाह महोत्सव की कथा होगी। 31 को सुदामा चरित्र, विवाह प्रसंग और श्रीमद्भागवत कथा का सारांश व अंतिम श्लोक का वाचन किया जाएगा। इसके बाद एक नवंबर को हवन एवं दो नवंबर को महाप्रसाद वितरण के साथ कथा का समापन होगा। कथा में हारमोनियम में राजा मिश्रा, तबला में सौरभ पाण्डेय, ऑर्गन में विप्लव कुमार, पैड में ओमप्रकाश अपनी सेवा दे रहे है।

इस मौके पर यजमान राम आसरे श्रीवास्तव, सावित्री श्रीवास्तव, श्रद्धालुकृष्ण कुमार श्रीवास्तव, कंचन लता श्रीवास्तव, आदित्य कुमार श्रीवास्तव, अरुण कुमार श्रीवास्तव, ललित श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, सरोज श्रीवास्तव, पूनम श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## आत्ममंथन की ज्योति से आलोकित निरंकारी-संत समागम की तैयारियाँ समापन की ओर

**चित्रकूट।** सतगुरु माता सुदीक्षा एवं निरंकारी राजपिता रमित द्वारा 78वां वार्षिक निरंकारी संत समागम 31 अक्टूबर से तीन नवम्बर 2025 तक संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा (हरियाणा) में अद्भुत दिव्यता और भव्यता के साथ आयोजित होने जा रहा है। जिसमें देश-विदेश से असंख्य श्रद्धालु भाग लेकर आनंद का अनुभव प्राप्त करेंगे।

मानिकपुर ब्रांच के निरंकारी कार्यकर्ता आनंद राज श्रीवास्तव ने बताया कि यह समागम केवल एक धार्मिक या वार्षिक आयोजन नहीं, अपितु ज्ञान, प्रेम और भक्ति का ऐसा पावन संगम है, जो ब्रह्मज्ञान द्वारा आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनता है। यहाँ श्रद्धालु न केवल आध्यात्मिक जागृति पाते हैं, बल्कि मानवता, विश्वबंधुत्व और आपसी सौहार्द की भावनाओं को भी आत्मसात करते हैं। यह आयोजन ह्यआत्ममंथनह्ण की वह दिव्य भूमि है, जहाँ प्रत्येक साधक अपने अंतर्मन में झाँकने, आत्मचिंतन करने और आत्मिक चेतना को जागृत करने की प्रेरणा प्राप्त करता है। यह सम्पूर्ण आयोजन सतगुरु माता सुदीक्षा की दिव्य प्रेरणा और आशीर्वाद से संचालित हो रहा है। प्रत्येक श्रद्धालु इस समागम में प्रेम, सम्मान और समुचित सुविधा का अनुभव करते हुए आध्यात्मिक रूप से परिपूर्ण हो।

बताया कि समागम स्थल को एक दिव्य नगरी का रूप दिया गया है। विशाल पंडालों में भक्तों के लिए सुव्यवस्थित बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। समागम मंच पर हो रहे प्रेरणादायक प्रवचन, भावपूर्ण भजन और विचारों को समूचे परिसर में और अधिक प्रभावी रूप से दशार्ने हेतु समूचे परिसर में अत्याधुनिक एल.ई.डी. स्क्रीन स्थापित की जा रही हैं, जिससे दूरस्थ स्थानों पर बैठे श्रद्धालु भी उसी भाव, ऊर्जा और अनुभूति से सत्संग का लाभ प्राप्त कर सकें। पूरे समागम परिसर को चार प्रमुख खंडों में विभाजित किया गया है, जिससे संचालन, आवागमन और सुविधाओं का समुचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। श्रद्धा, समर्पण के साथ हजारों श्रद्धालुजन अपने-अपने क्षेत्रों से आकर पूर्ण तन्मयता और समर्पण भाव के साथ दिन रात सेवाओं में रत हैं। जिससे यह आयोजन अपनी अंतिम तैयारियों की ओर अग्रसर है।

# विदेश संदेश

# चीन और रूस की महिला जासूसों के निशाने पर 'सिलीकॉन वैली'

**वाशिंगटन।** दुनियाभर में 'सिलीकॉन वैली' के नाम से अलग पहचान बना चुके अमेरिका के कैलिफोर्निया में चीन और रूसी जासूसों की पेशेवरों और उद्योग के अंदरूनी सूत्रों से नजदीकियां चिंता का विषय बनी हुई हैं। यह खुलासा अमेरिकी परामर्श कंपनी के मुख्य खुफिया अधिकारी ने किया हैं। उन्होंने कहा कि यह देश के तकनीकी रहस्यों और गुप्त दस्तावेजों के लिए खतरा बन सकता है।

मीडिया खबरों के मुताबिक, पामीर कंसल्टिंग के जेम्स मुलवेनन ने बताया कि चीन और रूस 'सिलीकॉन वैली' की जानकारी हासिल करने के लिए अपने महिला जासूसों को भेज रहे हैं और ये वहां के पेशेवरों को निशाना बना रहे हैं।

हालांकि, जासूसी की दुनिया में 'हनी ट्रैप' नई बात नहीं है, बावजूद इसके चीनी और रूसी जासूस सिलीकॉन वैली के पेशेवरों और उद्योग के अंदरूनी सूत्रों से संपर्क करते देखा गया हैं। इनमें से कई जासूस चीनी निवेश जोखिमों पर आयोजित व्यावसायिक सम्मेलनों में भी देखे जाते हैं।

चीन में निवेश करने वाली अमेरिकी कंपनियों के लिए जोखिम आकलन करने वाले मुलवेनन ने कहा कि तकनीकी रहस्यों तक पहुंच हासिल करने की इस कोशिश में वह भी निशाने पर आए लोगों में से एक थे। उन्होंने कहा कि मुझे लिंक्डइन पर एक ही तरह की आकर्षक चीनी महिलाओं से बड़ी संख्या में 'लुभावने' अनुरोध मिल रहे हैं। हाल ही में ये संख्या और बढ़ी भी है।



इधर, कुछ समय से अमेरिका में आयोजित महत्वपूर्ण सम्मेलनों और कार्यक्रमों में पैठ बनाने के लिए आकर्षक विदेशी महिलाओं को देखा जाना चिंता का विषय हैं। ऐसे ही एक विशेष कार्यक्रम में दो आकर्षक चीनी महिलाओं को प्रवेश पाने की कोशिश करते देखा कि कैसे उनको उस कार्यक्रम की पूरी जानकारी थी। इस बारे में खुफिया विशेषज्ञों का कहना है कि कैसे चीन अमेरिका में 'स्टार्टअप्स' के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित कर रहा है जो एक प्रकार से जानकारी और डेटा हासिल करने का ही तरीका है। इससे संवेदनशील व्यावसायिक योजनाएं और उनसे जुड़े हर दस्तावेजों का चीन तक पहुंचने का खतरा है। इससे पहले फरवरी में, होमलैंड सिक्योरिटी की हाउस कमेटी ने चीनी कम्युनिस्ट पाटी (सीसीपी) द्वारा आयोजित कार्यक्रमों के बारे में चेतावनी भी दी थी। उन्होंने कहा इस तरह की जासूसी के 60 से ज़्यादा मामले भी दर्ज किए गए हैं।

# अमेरिका ने कोलंबिया के राष्ट्रपति पर यात्रा प्रतिबंध लगाए

**वाशिंगटन/बोगोटा।** अमेरिका ने कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो की सरकार पर अवैध ड्रग व्यापार रोकने में नाकाम रहने का आरोप लगाते हुए पेट्रो और उनके परिजनों पर प्रतिबंध लगाने का एलान किया हैं। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने शुक्रवार को यह घोषणा की।

ये प्रतिबंध पेट्रो, उनकी पत्नी वेरोनिका अल्कोसर और दो बेटों पर लगे हैं जो संपत्ति जब्त करने और यात्रा पर रोक लगाने जैसे हैं। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक 2022 में पेट्रो के सत्ता में आने के बाद फसल बदलने की योजनाएं और हवाई छिड़काव कम करने की उनकी नीतियों ने ड्रग कार्टेल को मजबूत बनाया है।



इससे अमेरिका में नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी को बढ़ावा मिला।

ट्रेजरी के एक प्रवक्ता ने कहा, राष्ट्रपति पेट्रो की ड्रग-रोधी नीतियां असफल रही हैं। कोलंबिया में कोकीन उत्पादन सबसे अधिक होने लगा है।

इस बीच पेट्रो ने बोगोटा में एक टीवी भाषण में इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे कोलंबिया की संप्रभुता पर हमला बताया।

उन्होंने कहा कि इस साल देश में 500 टन से ज्यादा कोकीन जब्त करने का रिकॉर्ड बना है। उन्होंने अमेरिका में मादक पदार्थों की बढ़ती मांग को दोषी ठहराते हुए कहा, हम मादक पदार्थों के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं, उन्हें बढ़ावा नहीं दे रहे। पेट्रो ने इन प्रतिबंधों का 'कूटनीतिक' जवाब देने की भी चेतावनी दी।

## पेंटागन का ड्रग कार्टेल के खिलाफ कठोर कदम, लैटिन अमेरिका में होगी युद्धपोतों की तैनाती



**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के रक्षा मुख्यालय पेंटागन ने लैटिन अमेरिका में सक्रिय ड्रग कार्टेल और अंतरराष्ट्रीय आपराधिक संगठनों के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए शुक्रवार को कठोर कदम उठाए हैं। रक्षा मुख्यालय ने लैटिन अमेरिका में सैन्य अभियान के बड़े विस्तार का फैसला किया। रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने विमानवाहक पोत यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड और उससे जुड़े युद्धपोतों को आने वाले दिनों में इस क्षेत्र में भेजने का आदेश दिया।

द वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, प्रवक्ता सीन पार्नेल ने कहा कि विस्तारित सैन्य उपस्थिति का उद्देश्य न केवल पश्चिमी गोलार्ध में मादक पदार्थों की तस्करी को रोकना है, बल्कि वहां सक्रिय आपराधिक समूहों को कमजोर और ध्वस्त करना भी है। यह कदम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ड्रग कार्टेल के खिलाफ शुरू किए अभियान का अहम हिस्सा है। इससे क्षेत्र में अमेरिकी सैनिकों की संख्या लगभग दोगुनी होने की संभावना है। सैन्य गतिविधियों से वाकिफ अमेरिकी रक्षा अधिकारियों ने बताया कि प्यूर्टो रिको में सैन्य ठिकानों पर उन्नत एफ-35 लड़ाकू विमानों की तैनाती के अलावा कैरेबियन सागर में आठ युद्धपोतों पर लगभग 6,000 कमी तैनात हैं। यूरोप से इस क्षेत्र में आ रहा फोर्ड कैरियर स्ट्राइक ग्रुप जून में लगभग 4,500 नाविकों को लेकर वर्जीनिया स्थित अपने गृह बंदरगाह से रवाना हुआ था। पेंटागन ने इस महीने एक वरिष्ठ मरीन कॉर्प्स अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल कैल्वर्ट वर्थ की कमान में एक नए संयुक्त कार्य बल को सक्रिय किया है।

ट्रंप प्रशासन के अनुसार, सितंबर की शुरुआत से अब तक 10 नाव हमलों में कम से कम 43 लोग मारे गए हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि इन अपराधियों पर जमीन पर भी हमला किया जाएगा। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, पेंटागन का ताजा फैसला रक्षा सचिव पीट हेगसेथ केयह कहे जाने के बाद आया है कि सेना ने 10वीं नाव पर सवार छह लोगों को मार गिराया है। इस नाव से ड्रग्स ले जाई जा रही थी।

# पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच इस्तांबुल में दूसरे दौर की वार्ता आज

**इस्तांबुल/इस्लामाबाद/काबुल।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच दूसरे दौर की वार्ता आज तुकिर्ये के इस्तांबुल में शुरू होने वाली है। इस दौरान दोनों पक्ष दोहा में पहले चरण के दौरान उठे मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी इस्लामाबाद में दी। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ताहिर हुसैन अंद्राबी ने कहा कि इस्तांबुल बैठक पहले दौर की दोहा वार्ता की निरंतरता है। दोहा वार्ता के परिणामस्वरूप दोनों देशों के बीच युद्धविराम हुआ था।

पाकिस्तान के अखबार द न्यूज, तुकिर्ये के अखबार डेली सबाह और अरब न्यूज की रिपोर्ट्स के अनुसार, घातक झड़पों के बाद दूसरे दौर की वार्ता के लिए पाकिस्तानी और अफगान अधिकारी इस्तांबुल शहर में हैं। अधिकारियों ने बताया कि हाल ही में दोनों देशों के बीच हुई हिंसा में दोनों पक्षों के दजर्नों लोग मारे गए। दोनों पड़ोसी देश तीखे सुरक्षा विवाद में उलझे हुए हैं। दोनों पक्ष कह रहे हैं कि वे एक-दूसरे की आक्रामकता का जवाब दे रहे हैं।

पाकिस्तान खासतौर पर अफगानिस्तान के तालिबान शासकों पर आतंकवादी समूहों, खासकर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) पर आंखें मूंद लेने का आरोप लगाता रहता है। हालांकि तालिबान शासक इस आरोप को खारिज करते हैं। पिछले सप्ताहांत कतर और तुकिर्ये ने शत्रुता को रोकने के लिए युद्धविराम की मध्यस्थता



की। युद्धविराम काफी हद तक कायम है। पाकिस्तान छोड़ने वाले अफगान शरणार्थियों को छोड़कर दोनों देशों की सीमाएं बंद हैं। पाकिस्तान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अंद्राबी ने उम्मीद जताई कि इस्तांबुल में तुकिर्ये की मध्यस्थता में होने वाली वार्ता में विवादित मसलों को सुलझाने पर सहमति बनेगी।

उधर, अफगानिस्तान के चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने कहा है कि सीमा पारगमन और व्यापार ठप हो जाने से व्यापारियों को प्रतिदिन लाखों डॉलर का नुकसान हो रहा है। दक्षिणी कंधार प्रांत हालिया लड़ाई से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। खासकर सीमा पर स्पिन बोल्डक में पाकिस्तानी हवाई हमलों में लोग मारे गए और घर तबाह हो गए। तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि उप आंतरिक मंत्री हाजी नजीब इस्तांबुल में प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।

## छठ पूजा पर देशभर में 38,000 करोड़ रुपये का व्यापार होने का अनुमान : कैट

**नई दिल्ली।** सूर्य उपासना का महान पर्व छठ पूजा पूरे देश में आस्था, श्रद्धा और भव्यता के साथ 25 अक्टूबर से मनाया जाएगा। 4 दिनों तक चलने वाले सूर्य देव की उपासना के इस पावन त्योहार को लेकर व्यापारियों और स्थानीय उद्योगों में भी उत्साह देखने को मिल रहा है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने इसबार छठ पूजा के दौरान देशभर में लगभग 38 हजार करोड़ रुपये का कारोबार होने की उम्मीद जताई है।

# थाईलैंड की राजमाता सिरीकित का 93 साल की आयु में निधन

**बैंकॉक (थाईलैंड)।** थाईलैंड की राजमाता सिरीकित का शुक्रवार रात 9:21 बजे निधन हो गया। उन्होंने 93 वर्ष की आयु में किंग चुलालोंगकोर्न मेमोरियल अस्पताल में आखिरी सांस ली। थाई रेडक्रॉस सोसाइटी और रॉयल हाउस होल्ड ब्यूरो ने उनके निधन की घोषणा की। बैंकॉक पोस्ट अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, ब्यूरो के बयान में बताया गया कि वह सितंबर, 2019 से अस्वस्थ थीं। 17 अक्टूबर को उनके रक्तप्रवाह में संक्रमण हो गया। चिकित्सकों के अथक प्रयासों के बावजूद उनकी हालत बिगड़ती गई। राजा महा वजीरालोंगकोर्न फ्रा वजीराक्लाओचाओयुहुआ ने ब्यूरो को शाही परंपरा के अनुसार सर्वोच्च सम्मान के साथ राजमाता का शाही अंतिम संस्कार करने का निर्देश दिया है। उनकी



अस्थियां बैंकॉक के ग्रैंड पैलेस स्थित दुसित महा प्रसाद सिंहासन हॉल में रखी जाएंगी। राजा ने उनके निधन की तिथि से शाही परिवार और शाही दरबार के अधिकारियों के लिए एक वर्ष का शोक घोषित किया है। राजमाता सिरीकित का जन्म 12 अगस्त, 1932 को बैंकॉक में हुआ था। वो राजकुमार नक्खत्रा मंगला और एम.एल. बुआ कितियाकारा की पुत्री थीं। 28 अप्रैल 1950 को उनका विवाह राजा भूमिबोल अदुल्यादेज महान (राम चतुर्थ ) के साथ हुआ था। राजा ने 1946 से 2016 तक शासन किया। पांच मई, 1950 को राज्याभिषेक के दिन सिरीकित को महारानी घोषित किया गया। राजमाता सिरीकित अंतिम समय तक थाई लोगों के कल्याण, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण और पारंपरिक थाई कला एवं शिल्प के संरक्षण के लिए समर्पित रहीं।

## सर्राफा बाजार में गिरावट जारी, लगातार छठे दिन सस्ता हुआ सोना

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में सोना और चांदी की कीमत में गिरावट का रुख लगातार जारी है। सोने की कीमत में आज लगातार छठे दिन गिरावट दर्ज की गई। आज के कारोबार में सोना 650 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 710 रुपये प्रति 10 ग्राम तक टूट गया है। वहीं, चांदी आज 4 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ता हो गया है। कीमत में हुई इस कमी की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,24,360 रुपये से लेकर 1,24,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,13,990 रुपये से लेकर 1,14,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,54,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।

# एफबीआई प्रमुख काश पटेल अगले माह जाएंगे चीन

फेंटेनाइल संबंधी रसायनों के अंतरराष्ट्रीय आपूर्तिकर्ताओं पर धड़ाधड़ कार्रवाई कर रही अमेरिकी खुफिया एजेंसी संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के निदेशक काश पटेल अगले महीने चीन की यात्रा पर जाएंगे। अमेरिका ने विदेशों में उत्पादित ऐसे रसायनों और उनसे संबंधित वित्तपोषण स्रोतों से निपटने के लिए नशा विरोधी नीति पर अमल शुरू किया है। राष्ट्रपति ट्रंप और पटेल ने चीन को संयुक्त राज्य अमेरिका में नशे की लत के संकट को बढ़ावा देने के लिए दोषी ठहराया है।

सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, काश पटेल अपनी चीन यात्रा के दौरान वहां के नेतृत्व और अधिकारियों के बीच फेंटेनाइल का




मुद्दा उठाएंगे। राष्ट्पति डोनाल्ड ट्रंप भी दक्षिण कोरिया में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात के दौरान अवैध नशीली दवाओं की समस्या का मुद्दा उठाएंगे। ट्रंप ने गुरुवार को कहा, "मैं उनसे सबसे पहला सवाल फेंटेनाइल के बारे में पूछूंगा।" ट्रंप ने यह टिप्पणी गुरुवार को व्हाइट हाउस के स्टेट डाइनिंग रूम में आयोजित एक कार्यक्रम में की। यह कार्यक्रम नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले ड्रग कार्टेल पर कार्रवाई को उजागर करने के लिए आयोजित किया गया था।

ट्रंप ने कहा कि प्रशासन ने अब तक बड़ी मात्रा नशीले पदार्थ जब्त किए हैं। पटेल ने कहा कि प्रशासन ने लाखों लोगों की जान बचाई है। ट्रंप ने दूसरे कार्यकाल के लिए पदभार ग्रहण करने के कुछ दिनों बाद कहा था कि चीन, अमेरिका में नशीली दवाओं के प्रवाह को रोकने में विफल रहा है। पिछेल माह तीन सितंबर को पटेल ने खुलासा किया कि कुछ चीनी कंपनियां कथित तौर पर फेंटेनाइल उत्पादन के लिए आवश्यक प्रीकर्सर रसायन बनाती हैं।

## पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर व्यापारिक गतिविधियां बंद, चमन क्रॉसिंग खोलने का दावा गलत

**इस्लामाबाद।** पड़ोसी देश अफगानिस्तान के साथ तनाव की वजह से सीमा पर व्यापारिक गतिविधियां बंद है। सुरक्षा चिंताओं के चलते पाकिस्तान-अफगान सीमा शुक्रवार को भी सभी प्रकार की व्यापारिक गतिविधियों के लिए बंद रही। अधिकारियों ने उन दावों को बेबुनियाद बताया कि इस्लामाबाद ने अफगान पारगमन व्यापार के लिए बलोचिस्तान प्रांत में चमन क्रॉसिंग को आंशिक रूप से खोल दिया है। अधिकारियों ने कहा कि पैदल यात्रियों को भी दोनों ओर से सीमा पार करने की अनुमति नहीं है।

डान अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, एक वरिष्ठ सीमा शुल्क अधिकारी ने बताया, "सीमा पिछले 12 दिनों से बंद है। अभी तक पारगमन व्यापार सहित किसी भी व्यावसायिक गतिविधि के लिए सीमा को नहीं खोला गया है। चमन शहर के प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि उन्हें अभी तक इस्लामाबाद के अधिकारियों से सीमा खोलने के बारे में कोई निर्देश नहीं मिले हैं।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# पाकिस्तानी सुरक्षाबल बलोचिस्तान से लेवी अधिकारी समेत दो को उठा ले गए, 18 अपहत मजदूरों का कोई सुराग नहीं

**क्वेटा (बलोचिस्तान)।** पाकिस्तान के बलोचिस्तान प्रांत में आजादी की मांग तेज होने के बीच आम नागरिकों और अधिकारियों को जबरन उठा ले जाने की घटनाओं ने संघीय और राज्य सरकार की सुरक्षा संबंधी चिंता बढ़ा दी है। राज्य के कुलवाह और खारन से एक लेवी अधिकारी समेत दो लोग लापता हो गए हैं। पाकिस्तान के सुरक्षाबलों पर दोनों को जबरन उठा लेने जाने का आरोप है। उधर, कुछ हथियारबंद लोगों ने एक निर्माण कंपनी के 18 मजदूरों को अगवा कर दोनों सरकारों को सीधी चुनौती दी है। अपहत मजदूरों का कोई सुराग नहीं लग पाया है।

द बलोचिस्तान पोस्ट (पश्तो भाषा) की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान फोर्सेज के फ्रंटियर कोर ने पिछले दिनों कुलवाह के अशाल क्षेत्र निवासी रेजाई औलद गाजो को जबरन गायब कर दिया। दूसरी ओर आतंकवाद निरोधी विभाग (सीटीडी) और खरान की खुफिया एजेंसियों ने एक स्थानीय लेवी अधिकारी को हिरासत में लेने के बाद जबरन गायब कर दिया है। लापता अधिकारी की पहचान खरान निवासी हाजी मोहम्मद हुसैन कबदानी के बेटे बशीर अहमद कबदानी के रूप में हुई है। बताया गया है कि बशीर को 19 अक्टूबर की रात लगभग 11 बजे उसके घर से उठाया गया।

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार, अज्ञात हथियारबंद लोगों ने गुरुवार देर रात खुजदार जिले में एक निर्माण कंपनी के शिविर पर हमला कर 18 मजदूरों का अपहरण कर लिया और कई वाहनों और भारी मशीनों में आग लगा दी।



बलोचिस्तान में 12 घंटे के अंतराल में मजदूरों के अपहरण की दूसरी घटना ने पूरे प्रांत में सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ा दी हैं। अधिकारियों के अनुसार, यह हमला नाल तहसील में खुजदार से लगभग 80 किलोमीटर दूर स्थित कालेरी में हुआ। भारी हथियारों से लैस दजर्नों हमलावरों ने पहले मुख्य सड़क को अवरुद्ध कर यातायात बाधित किया और फिर एक निजी निर्माण कंपनी के शिविर और क्रश प्लांट पर धावा बोल दिया। यह कंपनी वाशुक जिले में खुजदार को बसिमा से जोड़ने वाली एक प्रमुख सड़क परियोजना पर काम कर रही है। लेविस फोर्स के प्रभारी अली अकबर के अनुसार, हमलावरों ने कंपनी के क्रश प्लांट को निशाना बनाया और वाहनों और निर्माण उपकरणों में आग लगा दी। इसके बाद हमलावरों ने मजदूरों को जबरन अपने वाहनों में डाल लिया और पास के पहाड़ों में भाग गए। अपहत अधिकांश श्रमिक सिंध प्रांत के हैं। यह लोग काम की तलाश में बलोचिस्तान आए थे। कंपनी के प्रबंधक जुल्फिकार अहमद ने पुष्टि की कि बंदूकधारियों ने शुरुआत में 20 श्रमिकों का अपहरण किया। बाद में दो को रिहा कर दिया। 18 अभी भी लापता हैं।

सुरक्षा बलों ने मजदूरों की तलाश में संयुक्त अभियान शुरू किया है। इसमें लेवीज फोर्स, फ्रंटियर कॉर्प्स (एफसी) और आतंकवाद निरोधी विभाग (सीटीडी) के कमी शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, अपहत श्रमिकों का पता लगाने के लिए स्थानीय आदिवासी बुजुर्गों ली गई। इसमें अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है। अभी तक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि, यह क्षेत्र लंबे समय से बलोच अलगाववादी समूहों का गढ़ रहा है। पहले भी निर्माण कंपनियों, सड़क परियोजनाओं और अन्य विकास परियोजनाओं को निशाना बनाया गया है। इन समूहों को सरकारी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का विरोध करने के लिए जाना जाता है।